हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 170, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 20 दिसम्बर, 2023 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## योगी कैबिनेट बैठक: 20 में से 19 प्रस्तावों पर लगी मुहर

### फ्लैट बायर्स को बड़ी राहत; आबकारी नीति 2024-25 को मंजूरी



लखनऊ। योगी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं के लगभग 2.4 लाख आवंटियों को राहत देने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारशों को लागू करने का फैसला किया है। समिति ने सिफारिश की थी यदि आवंटी ने पूरा पैसा जमा कर दिया है और उसे कब्जा नहीं मिला है तो उसे मकान का कब्जा दिलाकर उसकी रजिस्ट्री कराई जाए। यदि क्रेता मकान में निवास कर रहा है और उसकी रजिस्ट्री नहीं हुई है तो उसकी रजिस्ट्री कराई जाए।

**रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं होंगी पूरी**- समिति ने 1 अप्रैल 2020 से मार्च 2022 तक कोरोना से प्रभावित कालखंड को जीरो पीरियड मानते हुए बिल्डरों को इस अवधि में ब्याज में छूट देने की भी संस्तुति की थी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार ने इन दोनों संस्तुतियों को मान लिया है। इससे एनसीआर क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवंटियों को राहत मिलेगी। वहीं रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं भी पूरी हो सकेंगी। योगी कैबिनेट की मीटिंग में आबकारी नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी गई है। उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी नियमावली 1961 में संशोधन का प्रस्ताव मंजूर। अंगूर, सेब और नाशपाती से बनने वाली क्रमशः साइडर, शेरी और पेरी वाइन को नियमावली में शामिल किया गया।

सहारनपुर विकास प्राधिकरण में सदर, नटकुर और रामपुर मनिहारान तहसीलों के 33 गांव शामिल करने का प्रस्ताव भी मंजूर।

57 जिलों में साइबर क्राइम थाना की स्थापना का प्रस्ताव भी अनुमोदित।

मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में राजधानी स्थित एसजीपीजीआइ में एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव मंजूर।

अधिवक्ता कल्याण निधि का कार्पस फंड बढ़कर 500 करोड़ रुपये करने का निर्णय।

ई-नाम परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के बाहर के व्यापारियों को उत्तर प्रदेश में और उत्तर प्रदेश के व्यापारियों को अन्य प्रदेशों में कृषि उत्पादों के व्यापार के लिए लाइसेंस उपलब्ध कराए जाने का निर्णय।

## तमिलनाडु में बाढ़ से तीन की मौत, लोगों के रेस्क्यू के लिए सेना ने संभाला मोर्चा

चेन्नई। तमिलनाडु के दक्षिणी जिले इन दिनों बाढ़ जैसे हालात से जूझ रहे हैं। दरअसल इन जिलों में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तमिलनाडु में बारिश और बाढ़ के चलते पैदा हुए हालातों में तीन लोगों की मौत हो गई है। तमिलनाडु के थुटुकुडी जिले में कई जगहों पर रविवार को 525 मिमी बारिश हुई। इसके चलते थुटुकुडी में बाढ़ से आम जनजीवन बुरी तरह त्रस्त है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान ने बाढ़ से जूझ रहे लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में वायुसेना के हेलीकॉप्टर्स से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामान गिराया जा रहा है। भारतीय सेना ने बाढ़ प्रभावित थुटुकुडी जिले में 57 महिलाओं, 39 पुरुषों और 15 बच्चों का रेस्क्यू किया। बाढ़ जैसे हालात के चलते कई इलाकों में लोग फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारतीय सेना और वायुसेना लोगों के रेस्क्यू में जुटी हैं। जलमग्न इलाकों में भारतीय कोस्ट गार्ड के जवान फंसे हुए लोगों को निकालने और लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने में जुटे हैं। वायुसेना ने बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन चल रही है। लोगों को एयर लिफ्ट किया जा रहा है। एक गर्भवती महिला और डेढ़ साल की बच्ची समेत चार यात्रियों को वायुसेना ने सुरक्षित बचाया।

## कुछ पार्टियां संसद सुरक्षा में सेंध की घटना का समर्थन कर रहीं, यह घातक : पीएम मोदी



नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों के निलंबन के बाद भाजपा के संसदीय दल की मंगलवार को बैठक हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को संबोधित भी किया। उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर विपक्षी पार्टियों को घेरते हुए कहा, "कुछ पार्टियां संसद में हुई घुसपैठ का समर्थन कर रही थीं। यह सेंध लगने जितनी ही खतरनाक बात है।" पीएम ने कहा कि जो भी लोग लोकतंत्र पर भरोसा करते हैं, उन्हें इस सुरक्षा में सेंध की साझा तौर पर आलोचना करनी चाहिए थी। पीएम ने संसद में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं और इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सदस्यों से गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक आचरण करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 13 दिसंबर को संसद में कार्यवाही के दौरान दो लोग दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष के अंदर कूद गए। शून्यकाल के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। विपक्ष ने इस मामले में सुरक्षा चूक का मुद्दा उठाया। हालांकि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में संसद की सुरक्षा में हुई चूक को आरोपियों की बेरोजगारी और महंगाई से जोड़ा था। लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती पेश करने की कोशिश कर रहे इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर भी पीएम मोदी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन उनकी सरकार का लक्ष्य देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर और अन्य केंद्रीय मंत्री-सांसद शामिल हुए। बताया गया है कि इस बैठक में प्रधानमंत्री संसद में भाजपा के आगे की रणनीति और पेश हुए विधेयकों पर चर्चा की। इसके अलावा सांसदों के निलंबन और विपक्षी रणनीति का सामना करने पर चर्चा की बात भी सामने आई है।

## सेवा ही संकल्प है, पार्टी जहां बोलेगी वहां काम करूंगा : शिवराज चौहान

भोपाल। मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच चुनाव परिणाम आने के बाद पहली बार पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहन ने 'सेवा ही संकल्प' की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी जो तय करेगी वो मंजूर है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कहीं भी काम करने को तैयार हूं। राज्य हो या केंद्र, जहां भी पार्टी बोलेगी वहां काम कर लूंगा। इस दौरान शिवराज मीडिया से भी रूबरू हुए। भाई बहन और मामा के सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि भाई-बहन का प्यार अलग है। उसका किसी पद से कोई लेनादेना है। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से भेंट की। इस दौरान राष्ट्र उत्थान, लोक कल्याण एवं जनसेवा के विषय में चर्चा हुई। 'सेवा ही संकल्प है' के ध्येय के लिए भाजपा के हम समस्त कार्यकर्ता समर्पित हैं। मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव और दो डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला के शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रिमंडल



विस्तार को लेकर चर्चा बनी हुई है। रविवार को केंद्रीय नेतृत्व के साथ सीएम और प्रदेश के नेताओं की मंत्रिमंडल के नाम पर बैठक हुई। इसमें नए चेहरों के साथ ही कुछ पुराने चेहरे के नाम पर सहमति बनने की बात सामने आई, लेकिन दिग्गज नेताओं की भूमिका को लेकर पेंच फंस गया है। इसके चलते मंत्रिमंडल विस्तार के कुछ दिन टलने की बात सामने आ रही है। दरअसल कुछ दिग्गज नेताओं ने मंत्रिमंडल में शामिल न करने का आग्रह केंद्रीय नेतृत्व से किया है। इसमें शिवराज सिंह चौहान की भूमिका को लेकर भी निर्णय होना है। दिल्ली में शिवराज और जेपी नड्डा की मुलाकात के बाद दोनों नेताओं के बीच पूर्व सीएम की नई भूमिका और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा होने के कयास लगाए जा रहे थे। बता दें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कह चुके हैं कि शिवराज सिंह चौहान को उनके कद के अनुसार ही काम दिया जाएगा। उनके अनुभव का पार्टी पूरा उपयोग करेगी। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के अनुसार काम कर रहा है। इसमें जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण को साध कर प्रदेश के नेताओं से चर्चा कर मंत्रिमंडल का गठन किया जा रहा है।

## विपक्षी सांसद ने बनाया राज्यसभा सभापति का मजाक, धनखड़ बोले- यह सदन का अपमान



नई दिल्ली। विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर राज्यसभा सभापति की नकल उतारने के आरोप लग रहे हैं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस दौरान जगदीप धनखड़ की नकल उतारते हुए कल्याण बनर्जी का वीडियो शूट कर रहे हैं। इस पर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जाहिर की है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक सांसद मजाक बना रहे थे और एक बड़े नेता उनका वीडियो शूट कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि यह सदन का अपमान है। बता दें कि हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है। बता दें कि हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है। बता दें कि संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमले कर रहा है और विपक्ष की मांग है कि सरकार इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करे। वहीं सरकार विपक्ष पर इसे लेकर राजनीति करने का आरोप लगा रही है।

## लोकसभा में जारी सांसदों का निलंबन, सुप्रिया सुले-मनीष तिवारी समेत कई सांसद सस्पेंड

नई दिल्ली। संसद की सुरक्षा में चूक के मसले पर हंगामे को लेकर सांसदों का निलंबन जारी है। दो दिन में 92 सांसदों को सस्पेंड किए जाने के बाद मंगलवार को एक बार फिर लोकसभा से 49 और सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया। इनमें कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, शशि थरूर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला से लेकर एनसीपी की सुप्रिया सुले और सपा की डिंपल यादव तक शामिल हैं। एक दिन पहले ही संसद में अमर्यादित आचरण के लिए सांसदों का निलंबन किया गया था। कुल 92 सांसदों के निलंबन की कार्रवाई पहले ही की जा चुकी थी।अगर आज के आंकड़ों को जोड़ लिया जाए तो लोकसभा से अब तक 95 सांसदों को निलंबित किया गया है। वहीं, राज्यसभा से 46 सांसदों को सस्पेंड किया गया। संसद के दोनों सदनों से अब तक कुल 141 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है।




**किन सांसदों का हुआ निलंबन**- वी वेंथिलिंगम, गुरजीत सिंह औजला, सुप्रिया सुले, सप्तगिरि उलाका, अदूर प्रकाश, अब्दुल समद समदानी, मनीष तिवारी, प्रद्युत बादोलोई, गिरधारी यादव, गीता कोड़ा, फ्रांसिस्सको सारदिन्हा, जगत रक्षम, एसआर पार्तिविवन, फारुख अब्दुला, ज्योत्सना महंत, ए गणेश मूर्ति, माला राय, पी. वेलूसामी, ए चंदकुमार, शशि थरूर, कार्ति चिंदबंरम, सुदीप बंदोपाध्याय, डिंपल यादव, हसनैन मसूदी, दानिश अली, खदीदुल रहमान, राजीव रंजन सिंह, डीएनवी सेंथिल कुमार, संतोष कुमार, दुआल चंद्र गोस्वामी, रवनीत बिट्ट्, दिनेश यादव, के. सुधाकरन, मोहम्मद सादिक, एमके विष्णु प्रसाद, पीपी मोहम्मद फैजल, साजदा अहमद, जसवीर सिंह गिल, महाबली सिंह, अमोल कोल्हे, सुशील कुमार रिंकू, सुनील कुमार सिंह, एचटी हसन, एम धनुष कुमार, प्रतिभा सिंह, थोल थिरुमावलन, चंद्रेश्वर प्रसाद, आलोक कुमार सुमन, दिलेश्वर कामत।

## नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के नगर अध्यक्ष को मारी गोली

जमुई। जमुई के महिसौड़ी चौक पर सोमवार की देर रात अपराधियों ने जदयू नेता पवन साह को गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए शहर के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के बाद जदयू नेता के हालात में कोई सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। इधर, घटना के बाद शहर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ सदर अस्पताल में जुट गई। घायल की पहचान शहर के महिसौड़ी चौक निवासी पवन साह के रूप में हुई। वह जदयू नगर अध्यक्ष के पद पर पदस्थापित हैं। बताया जाता है कि बस स्टैंड विवाद को लेकर गोली मारी गई है। मामले की जानकारी के बाद जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन घटना स्थल पर पहुंचे और घायल का हाल जाना। साथ ही उनके परिजनों से भी बात की और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए। इधर एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने



बताया कि पवन साह नामक एक युवक को अज्ञात अपराधी द्वारा गोली मारी गई है। इसे हायर सेंटर पटना रेफर किया गया है। घटना का कारण बस स्टैंड विवाद में एक युवक द्वारा गोली मारी गई है। हालांकि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जीवाश्म ईंधन को लेकर विकसित देशों के दबाव में नहीं आएंगे', जलवायु सम्मेलन में बोले पर्यावरण मंत्री

दुबई। भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में जलवायु सम्मेलन के दौरान कहा कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता खत्म करने की कोशिशों के लिए भारत विकसित देशों के दबाव का विरोध करेगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत अपने लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सिर्फ तेल और गैस के आयात से ही पूरी नहीं हो सकती। भूपेंद्र यादव ने कहा कि 'भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन जब तक हम विकसित भारत के उद्देश्य को पूरा नहीं कर लेते तब तक हमे कोयले से उत्पन्न ऊर्जा पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।' मंत्री ने कहा कि 'दुनिया की कुल आबादी की 17 प्रतिशत भारत में रहती है लेकिन वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भारत की हिस्सेदारी महज चार फीसदी ही है। कई देशों के लिए गरीबी हटाना प्राथमिकता है, इसलिए हम विकसित देशों के किसी भी दबाव को



स्वीकार नहीं करेंगे।'

**'विकसित देशों को देनी चाहिए वित्तीय मदद'**- भूपेंद्र यादव ने कहा कि 'विकसित देशों ने पूर्व में बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन किया, अब उन्हें विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तीय और तकनीकी मदद देनी चाहिए, लेकिन विकसित देश विकासशील देशों पर जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को खत्म करने का दबाव बना रहे हैं लेकिन हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।' भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत ने अपने जीडीपी उत्सर्जन सघनता को 2005 से 2019 के बीच 33 प्रतिशत पर रखा है और तय लक्ष्य को 11 साल पहले ही पा लिया है। बता दें कि बीते हफ्ते ही दुबई में देशों के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ है, जिसमें जीवाश्म ईंधन को धीरे धीरे खत्म करने पर सहमति बनी है। हालांकि कोयले से उत्पन्न ऊर्जा को निशाना बनाने का भारत और चीन जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं ने इसका विरोध किया।

## 'देशद्रोह' के मामले में संजय राउत को मिली बड़ी राहत

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत को मंगलवार को बड़ी राहत मिली है। महाराष्ट्र पुलिस ने संजय राउत पर देशद्रोह के आरोप को हटा दिया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस द्वारा कानूनी राय मांगने और परामर्श करने के बाद राउत के खिलाफ राजद्रोह का आरोप हटा दिया गया। यवतलाम जिले में संजय राउत के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। राउत के खिलाफ उमरखेड़ पुलिस स्टेशन में धारा 124 (ए) (देशद्रोह), 153 (ए) (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत केस दर्ज हुआ था। इसके अलावा, उनके खिलाफ धारा 505 (2) भी जोड़ी गई थी। दरअसल, संजय राउत ने अपनी पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में एक लेख लिखा था। संजय राउत पर पर पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख लिखने का आरोप है। राउत 'सामना' के कार्यकारी संपादक हैं। संजय राउत ने 'सामना' में अपने साप्ताहिक कॉलम 'रोख ठोक' में पीएम मोदी पर लेख लिथा था।

**बीजेपी नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ केस**- पुलिस ने बताया कि संजय राउत के खिलाफ



बीजेपी नेता की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले में कानूनी राय लेने के बाद पुलिस ने मामले से राजद्रोह का आरोप हटाने का फैसला किया। पुलिस ने बताया कि इसके लिए सरकारी वकील से सलाह भी ली गई थी।

## संपादकीय

# जहर घोलती डिस्टिलरियां

हाल ही के दिनों में हवा में प्रदूषण के शोर के बीच कई ऐसे गंभीर प्रदूषण कारकों को हमने नजरअंदाज कर दिया है, जो हमारे जीवनदायी पानी को जहरीला बनाने में लगे हुए हैं। चंद पैसे बचाने के लिये कारखाना मालिक औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले घातक अपशिष्टों को नियमानुसार निस्तारण करने के बजाय नदियों व अन्य जलस्त्रोतों में बहा देते हैं, जो कालांतर में मनुष्य जीवन व जलचरों के लिये घातक साबित होते हैं। इसके बावजूद हिमाचल व अन्य राज्यों में स्थित डिस्टिलरीज अनुपचारित जहरीले अपशिष्टों को जल निकायों में लगातार छोड़ रही हैं। इस बात की बिल्कुल परवाह नहीं की जा रही है कि स्थानीय आबादी और जलीय जीवन पर इसका कितना घातक असर पड़ रहा है। यह स्थिति तब है कि जबकि लोकल लोग और पर्यावरण कार्यकर्ता इस घातक परिपाटी के खिलाफ लगातार विरोध करते रहे हैं। गाहे-बगाहे राज्य प्रदूषण बोर्ड, अदालतें और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल कानून का उल्लंघन करके जल निकायों को प्रदूषित करने वालों की खिंचाई करते हैं। उन पर जुमार्ना लगाने की चेतावनी भी देते हैं। इसके बावजूद मोटे मुनाफे के लालची उद्यमी जहरीले अपशिष्ट को नदी-नालों में बहाने से बाज नहीं आते। जिनका तीखी गंध वाला झागदार अपशिष्ट पदार्थ प्रकृति प्रदत्त जीवनदायी पानी को निरंतर प्रदूषित करता ही रहता है। लगातार चिंताजनक रिपोर्टों के बावजूद इसका जारी रहना शासन-प्रशासन की जवाबदेही पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। दरअसल, ताजा विवाद कसौली स्थित एक निजी डिस्टिलरी को लेकर उठा है। जिस पर आरोप है कि उसने साल में दूसरी बार प्राकृतिक जलस्त्रोत कसौली खड्ड में हानिकारक कचरा डाला है, जिसकी वजह से बीमारी फैलने की आशंका के चलते ग्रामीणों ने अपनी जरूरत का पानी निकालना बंद कर दिया है। निश्चित रूप से यह शोचनीय स्थिति है। उल्लेखनीय है कि गत जनवरी में भी इस डिस्टिलरी द्वारा अंधाधुंध अपशिष्ट के निपटान के चलते आसपास के कई गांवों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ा था। बाद में व्यापक जनाक्रोश को देखते हुए इस संयंत्र को तब दस दिन के लिये बंद किया गया था। विडंबना यह है कि कमोबेश ऐसे घटनाक्रम कई राज्यों में दोहराये जाते हैं। दरअसल, एक तो संयंत्र लगाने वाले उद्योगपति बड़ी पूंजी तथा राजनीतिक पहुंच वाले होते हैं, दूसरा निगरानी करने वाले अधिकारी ऐन-केन-प्रकारेण इनके प्रभाव-प्रलोभन में आ जाते हैं। जिसके चलते समय रहते इन फैक्टरी मालिकों के खिलाफ पड़ताल व कार्रवाई नहीं होती। सवाल उठता है कि अदालतों की सक्रियता, निरंतर जनाक्रोश, पर्याप्त कानून व निगरानी तंत्र होने के बावजूद समय रहते दोषी संयंत्र मालिकों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या फैक्टरी मालिकों का नैतिक दायित्व नहीं बनता कि चंद रुपयों के लाभ का लालच छोड़कर प्रदूषण नियंत्रक मानदंडों का अनुपालन किया जाए? पंजाब के फिरोजपुर जनपद के जीरा में एक अल्कोहल डिस्टिलरी इकाई के खिलाफ व्यापक जनाक्रोश सामने आया था। आसपास के ग्रामीणों का आरोप था कि अल्कोहल डिस्टिलरी द्वारा कई वर्षों से भूमिगत जल को प्रदूषित किया जा रहा है, जिसका उपयोग मनुष्यों व मवेशियों के लिये खासा घातक हो रहा था। इसके खिलाफ ग्रामीण व किसानों ने लंबे समय तक आंदोलन भी चलाया था। आरोप लगाया गया कि डिस्टिलरी द्वारा अनुपचारित अपशिष्ट पदार्थ रिवर्स बोरिंग के जरिये भूमिगत जल में मिलाया जा रहा है। दरअसल, स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर जांच करने वाली एक समिति ने पानी के नमूनों में जहरीले पदार्थ व हानिकारक रसायन पाए थे। जिसके बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस साल की शुरूआत में प्लांट को बंद करने का आदेश दिया था। इसी तरह हरियाणा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में करनाल डिस्टिलरी की निगरानी के लिये निर्देश दिये थे। आरोप था कि अनुपचारित सीवेज को यमुना में बहाया जा रहा है। ऐसे मामलों का लगातार उजागर होना बताता है कि स्थिति चिंताजनक है। निस्संदेह, इस तरह के पर्यावरण और नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ की अनुमति कदापि नहीं दी जा सकती। इस स्थिति से निपटने के लिये निर्णायक कार्रवाई किये जाने की दरकार है।

# चीनी उत्पादन में भारत बड़ा देश

इस वर्ष उत्पादन में कमी की वजह से चीनी की कीमतें बढ़ने की आशंका सिर उठाने लगी है। भारतीय चीनी मिल संघ की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन उत्पादन हुआ था। यानी इस वर्ष ग्यारह फीसद चीनी का उत्पादन कम हुआ है। इसका कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का उत्पादन कम होना बताया जा रहा है। इस वर्ष पेराई सत्र भी करीब पंद्रह दिन देर से शुरू हुआ। हालांकि इस वर्ष उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुआ। वहां उत्पादन 15 दिसंबर तक बढ़ कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था। इस वर्ष महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन और कर्नाटक में 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन रह गया है। इस तरह इस वर्ष भी चीनी के निर्यात पर रोक लगाने के अलावा कोई उपाय नहीं होगा। चीनी उत्पादन के मामले में भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। मगर पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह इस क्षेत्र में गतिरोध पैदा हो रहा है, उसके मद्देनजर चीनी के निर्यात में कमी करनी पड़ रही है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने चालू विपणन वर्ष में चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। इस वर्ष चीनी का उत्पादन 325 लाख टन होने की उम्मीद है। इसके अलावा 56 लाख टन चीनी का भंडारण है। जबकि खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है। ऐसे में सुरक्षित भंडार में चीनी रखने के बाद अधिक निर्यात की गुंजाइश नहीं रहेगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें पहले ही काफी ऊंची हैं। इसलिए वहां से चीनी मंगाने का फैसला करना मूल्य नियंत्रण के मामले में परेशानी पैदा करने वाला होगा। कुछ दिनों पहले चीनी उत्पादन में गिरावट को देखते हुए सरकार ने गन्ने के रस से एथेनाल बनाने पर रोक लगा दी थी, हालांकि अब वह हटा ली गई है। पर जाहिर है, इससे एथेनाल के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ा है। दरअसल, पेराई सत्र देर से शुरू होने और चीनी उत्पादन में कमी का मुख्य कारण गन्ने की बुआई का रकबा घटना है। हालांकि गन्ना सबसे सुरक्षित नगदी फसल मानी जाती है। इस पर मौसम की मार का भी बहुत असर नहीं पड़ता। मगर किसान गन्ना बोने में रुचि कम लेने लगे हैं तो इसकी बड़ी वजह चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान न किया जाना और पेराई सत्र समय से पहले ही समाप्त कर देना रहा है। मिलें गन्ना नहीं खरीद पातीं, इसलिए हर वर्ष बहुत सारे किसानों को खेत में ही खड़ी फसल जलानी पड़ जाती है। यद्यपि चालू चीनी मिलों की संख्या पिछले वर्ष के बराबर ही है, मगर यह उजागर तथ्य है कि उनकी पेराई क्षमता कम हुई है। अधिकतर सरकारी और सहकारी चीनी मिलें बीमार हाल में ही हैं। उनके रखरखाव और क्षमता विकास पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता, इसलिए वे कम उत्पादन कर पाती हैं। फिर, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आदि के गन्ना किसानों को काफी संघर्ष के बाद आधा-अधूरा भुगतान मिल पाता है, जबकि नियमानुसार पंद्रह दिन में भुगतान हो जाना चाहिए। इस व्यवस्था को सुधारे बिना चीनी उत्पादन के मामले में प्रगति संभव नहीं है।

# परिवार केंद्रित चिकित्सा विधा को बढ़ावा मिले

**के.के. तलवार**

एक पारिवारिक चिकित्सक (फैमिली डॉक्टर) स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न अंग होता है। विगत में, भारतीय परिवार का किसी चिकित्सक से जुड़े होना आम चलन था। वह चिकित्सक उस परिवार को स्वास्थ्य सेवाएं देने के अलावा अक्सर पारिवारिक मसलों में भरोसेयोग्य मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाया करता था। पश्चिमी देशों में, पारिवारिक चिकित्सक आज भी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। सामान्य चिकित्सक वाली व्यवस्था यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में रीढ़ की हड्डी है, जो स्थानीय निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया करवाती है।

भारत में मेडिकल शिक्षा प्राप्त निकले स्नातक शहरों में पारिवारिक चिकित्सकों की भूमिका में हुआ करते थे तो गांवों में यही काम रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर (आरएमपी) का था। मेडिकल जगत में बहुत ज्यादा तरक्की होने के कारण अब किसी पारिवारिक चिकित्सक के पास केवल एमबीबीएस की डिग्री होना माकूल स्वास्थ्य सेवा देने में काफी नहीं माना जाता। इसलिए मरीज अब मामूली बीमारी में भी ज्यादातर विशेषज्ञ डाक्टरों का रुख करते हैं। विशेषज्ञ डॉक्टर की महारत किसी खास विधा या बीमारी में होती है, लेकिन वे अतिरिक्त बीमारियों को संभाल नहीं पाते। मसलन, या तो वे समस्या को समग्रता के परिप्रेक्ष्य में समझ नहीं पाते (जिससे बीमारी कई मर्तबा बहुत गंभीर बन जाती है) या फिर वे मरीज को आगे किसी अन्य विशेषज्ञ के पास भेज देते हैं, लिहाजा इलाज में खर्च बढ़ोतरी हो जाती है। हमें जरूरत है उच्च शिक्षित, उच्च कौशलयुक्त किंतु सामान्य अथवा पारिवारिक चिकित्सकों (फैमिली फिज़िशियन) की, जो फौरी प्राथमिक और यहां तक कि कुछ माध्यमिक स्वास्थ्य जरूरतों में अपने स्तर पर इलाज करने में सक्षम हों। पारिवारिक चिकित्सक से अपेक्षा है कि उसके पास विभिन्न रोगों की समझ हो ताकि हरेक उम्र और बीमारी के मरीज को बृहद स्वास्थ्य देखभाल दे पाए। जरूरत पड़ने पर वह मरीज को संबंधित विशेषज्ञ के पास भेज सकता है। युक्तम स्वास्थ्य देखभाल देने के आलोक में, यथेष्ट मानव-बल और बुनियादी ढांचा का होना जरूरी है। सालों तक, सरकार और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (जो अब नेशनल मेडिकल कमीशन है), दोनों ने अधिक संख्या में मेडिकल कॉलेज सुनिश्चित करने को कदम उठाए हैं। अब इनकी संख्या 700 से अधिक हो गई है, और यह सब मिलकर हर साल एमबीबीएस कोर्स में 1 लाख से अधिक सीटों पर दाखिले की क्षमता रखते हैं। स्नातकोत्तर सीटों की संख्या भी बढ़कर लगभग 70,000 हो गई है। हालांकि, विभिन्न विशेषज्ञ कोर्स में भी सीटों की गिनती बढ़ी है लेकिन एमडी (फैमिली मेडिसिन) कोर्स में सीटें बढ़ाने की कोई कोशिश नहीं की गई। प्रभावशाली वैश्विक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने में पारिवारिक व सामान्य चिकित्सक वर्ग की भूमिका बहुत अहम है, जिससे कि सामान्य किस्म की बीमारी के इलाज के लिए विशेषज्ञों पर बेजा बोझ न पड़े। इसके अलावा, पारिवारिक चिकित्सक जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों के साथ तालमेल बनाकर अपने स्तर पर इलाज कर सकता है।



पारिवारिक चिकित्सक विधा (एमडी फैमिली मेडिसिन) में स्नातकोत्तर डिग्री होने की जरूरत का अहसास एमसीआई और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन को सालों पहले हो गया था लेकिन दुर्भाग्यवश, इस मामले पर आगे काम नहीं हुआ। यह साल 2021 था जब एमसीआई ने मेडिकल कॉलेजों को फैमिली मेडिसिन विधा में एमडी कोर्स शुरू करने की अनुमति दी। इससे पहले एनबीई ने कुछ अस्पतालों में यह कोर्स चलाने का अनुमोदन कर दिया था। वर्ष 2011-22 के बीच एमसीआई बोर्ड ने इस मुद्दे पर विचार किया और एक सटीक पाठ्यक्रम तैयार करवाया और फैमिली मेडिसिन के लिए आवश्यक न्यूनतम मानकों को तय किया।

इसकी जानकारी सरकार को दे दी गई। यह सोचा गया कि पहले पहल मेडिसिन विभाग के अध्यापक बतौर समन्वयक पढ़ाई करवाएंगे और एमडी (फैमिली) रेज़िडेंट्स को पढ़ाने में अन्य संबंधित विधाओं के शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा ताकि शुरूआती दौर में अलग से विभाग बनाने की जरूरत न पड़े। यह भी सलाह दी गई कि एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम व पाठ्यक्रम उन एमबीबीएस डॉक्टरों के लिए हो, जो पांच साल से लगातार इलाज कर रहे हैं जिससे प्रशिक्षण अवधि में अमूमन दो साल बच पाएंगे। ऐसा होने पर, न केवल समाज में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ जाती बल्कि पारिवारिक या सामान्य चिकित्सक रहते हुए, नया कौशल सीखकर उन्हें और अधिक प्रभावशाली इलाज करने की काबिलियत मिल जाती। एनएमसी को अब प्रभावशाली फैमिली मेडिसिन फिज़िशियन बनाने हेतु पाठ्यक्रम और न्यूनतम मानक तय करने पर पुनर्विचार करना चाहिए। अहम यह कि नियामकों को सुनिश्चित करना होगा कि फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री हासिल करने वाले को डीएम (डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन) कोर्स करने में दाखिले की योग्यता खुद-ब-खुद मान्य न होने पाए। अन्यथा, यह प्रावधान एमडी (मेडिसिन) उत्तीर्ण न करने वालों के लिए पिछला रास्ता बन जाएगा क्योंकि एमडी (मेडिसिन) और एमडी (फैमिली मेडिसिन) दो अलग विधाएं हैं और इनका पाठ्यक्रम भी नितांत अहलदा है। इसलिए एमडी (फैमिली मेडिसिन) करने वाले डीएम कोर्स के लिए जरूरी योग्यता मानकों को पूरा नहीं करते। सरकार ने फैमिली मेडिसिन विधा को लोकप्रिय बनाने के लिए सभी नए बने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों को फैमिली मेडिसिन विधा में स्नातकोत्तर कोर्स शुरू करने के लिए कई कदम उठाये हैं। इसी प्रकार, एनएमसी भी मेडिकल कॉलेजों को यह कोर्स शुरू करने को प्रोत्साहित करे। एनएमसी कानून में विशेषतौर पर कहा गया है कि स्नातकोत्तर बोर्ड फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएशन को बढ़ावा और सहयोग दे। सरकार को भी भारतीय स्वास्थ्य मानकों में सुधार करना होगा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में फैमिली मेडिसिन में स्नातकोत्तर करने वालों के लिए नौकरी के अवसर जोड़ने होंगे। फैमिली मेडिसिन की पढ़ाई चुनने के लिए स्नातकों को प्रोत्साहित करने में यह कदम उठाना बहुत जरूरी है।

वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल के हित में इस कोर्स को आकर्षक बनाने के लिए कुछ और कदम उठाने की भी जरूरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों या जिला अस्पतालों में एक अलग फैमिली फिज़िशियन होने की जरूरत है। उन्हें अपने सामान्य सरकारी नौकरी के समय के बाद, घर पर फीस के बदले इलाज करने की इजाजत देनी चाहिए जिससे परिवारों की निजी स्वास्थ्य जरूरतें फौरन पूरी हो पाएं। वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में, एकीकरण की दिशा में सरकारी फैमिली फिज़िशियनों को कुछ तरीकों से शामिल करके, निजी इलाज सेवाएं मुहैया करवाने में शामिल किया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर, विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ समन्वय बनाकर पारिवारिक चिकित्सक विशेषज्ञ स्तर का इलाज और उपचार उपरांत परामर्श दे सकेंगे, जिससे अस्पतालों में जाकर मुआयना करवाने की फेरियां कम हो सकेंगी और व्यवस्था पर बोझ घटेगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और एनएमसी, दोनों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने में कमी का निदान करने की जरूरत है।

# ओपीएस को लेकर भाजपा के स्टैंड पर मुहर

**केएस तोमर**

हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने जैसे पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की मांग ठुकराने के बावजूद तीन राज्यों में जो निर्णायक जीत दर्ज की है, उससे इस धारणा को बल मिलता है कि भाजपा भविष्य में भी नयी पेंशन स्कीम को ही लागू करेगी, जिसे सरकार देश के आर्थिक हित में बड़ा कदम समझती है। एनपीएस को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का मत था कि देश के हित में यह निर्णय लाभकारी होगा। इसी कारण उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को हटाकर नयी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया था। नयी योजना निवेश आधारित और लाभकारी मान कर 2003 में लागू की गई थी। यह सोच थी कि भविष्य में देश को आर्थिक बोझ और राज्यों को वित्तीय संकट से बचाने के लिए नयी नीति आवश्यक है। अन्यथा पूरा आर्थिक ढांचा ही तबाह हो जाएगा।

जानकारों के अनुसार यह सही है कि हिमाचल में कांग्रेस की जीत का मुख्य कारण ही पुरानी पेंशन की बहाली का वादा रहा। कुछ हद तक इसका लाभ कर्नाटक चुनावों में भी मिला। लेकिन इस पुरानी पार्टी को तीन राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की घोषणा का कोई लाभ नहीं मिला और शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके कि कांग्रेस की राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने ओपीएस को लागू भी कर दिया था।

झारखंड व पंजाब राज्य सरकारों ने भी ओपीएस लागू कर दी है। कर्नाटक ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक सदस्य समिति गठित की है। उधर किसी भी भाजपा शासित राज्य सरकार ने ओपीएस बहाली का कदम नहीं उठाया है जो केंद्र की इस बाबत साफ नीतिगत सोच दशार्ता है क्योंकि राष्ट्रीय हित में इसे दोबारा लागू करना सही नहीं माना गया।

यद्यपि हिमाचल और कर्नाटक चुनावों में भाजपा की हार के लिए ओपीएस का मुद्दा महत्वपूर्ण माना गया, लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच राज्यों के चुनावों में एक बड़े राजनीतिक जोखिमपूर्ण निर्णय के तहत दबाव को अनदेखा करते हुए कर्मचारियों को ओपीएस की बहाली का वादा नहीं किया। दरअसल, कर्मचारियों का नकारात्मक रवैया इन चुनावों में इतना प्रभावशाली नहीं रहा जो अन्य मुद्दों पर हावी होकर चुनावी नतीजे बदल सकता। कठिन लगता है कि अब भविष्य में ओपीएस बहाली पर केंद्र विचार करे।




इसके विपरीत कांग्रेस 2024 में अपनी स्थिति सुधारने के लिए ओपीएस मुद्दे को भुनाने का प्रयास करेगी। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता जता रहे हैं कि ओपीएस के कारण केंद्रीय व राज्य कर्मचारी उनका समर्थन करेंगे। केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों की संख्या 4 करोड़ 60 लाख के लगभग है। इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र में शामिल करेगा। हिमाचल और पंजाब ने ओपीएस लागू कर दिया है जबकि इन राज्यों पर 2 लाख 63 हजार करोड़ और 90000 करोड़ के ऋण हैं। पुरानी पेंशन लागू होने से भार और बढ़ेगा। आंकड़ों के अनुसार पेंशन मद पर प्रदेश सरकारें बजट का 2.1 प्रतिशत खर्च करती थीं, जो बढ़ कर 9.8 प्रतिशत हो गया है। आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। वर्ष 2014 से 2019 के मध्य इसमें 15.90 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार ने संसद को बताया है कि 2020-21 में 70 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन के रूप में 2 लाख 54 हजार करोड़ का भुगतान किया गया। हर वर्ष इसमें बढ़ोतरी होने की आशंका है। ऐसे राज्यों द्वारा ओपीएस लागू करने पर हर वर्ष 1.56 लाख करोड़ खर्च होंगे।

जाने-माने अर्थशास्त्री ओपीएस की बहाली का जोरदार विरोध कर रहे हैं। उनका मत है कि भविष्य में अर्थव्यवस्था पर इसके दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे और यह असर सभी क्षेत्रों को प्रभावित करेगा। भंग किए गए योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कुछ राज्यों द्वारा ओपीएस बहाली को घातक बताते हुए आशंका जताई कि इससे राज्य दिवालिया हो जाएंगे। पूर्व केंद्रीय वित्त सचिव और लेखा नियंत्रक राजीव महर्षि ने 2023 चुनावों से पहले राजस्थान सरकार द्वारा ओपीएस बहाली पर कहा था कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे क्योंकि वह नयी पेंशन योजना में अपना हिस्सा जमा करवाने से बच जाएंगे। उनका कहना था कि राजनीतिक लाभ के इस गलत निर्णय का दुष्परिणाम 2035 के बाद पता चलेगा, जब कर्मचारी, जो इस समय एनपीएस के अंतर्गत हैं, रिटायर होंगे। रिजर्व बैंक ने भी एक रिपोर्ट में साफ किया है कि ओपीएस बहाली के कारण इतना बोझ बढ़ेगा कि उसे उठाना मुश्किल हो जाएगा। पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली का असर नयी योजना से लगभग 4.5 गुना अधिक होगा। इस कारण 2060 में जीडीपी पर लगभग 0.9 प्रतिशत भार बढ़ेगा। आज से 23 वर्ष पूर्व की गयी छानबीन के अनुसार केंद्र व राज्यों द्वारा ओपीएस के भुगतान का कुछ समय बाद असर होगा कि मद पर किया जाने वाला खर्च इतना अधिक होगा कि उसे संभालना कठिन होगा और अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी।

# अब तो बादलों में भी मौजूद हैं माइक्रोप्लास्टिक

**मुकुल व्यास**

दुनिया में प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। पश्चिमी प्रशांत महासागर स्थित 11 किलोमीटर गहरी मारियाना ट्रेंच से लेकर माउंट एवरेस्ट की चोटी तक, पृथ्वी पर लगभग सभी जगह माइक्रोप्लास्टिक पाए गए हैं। अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े हमारे बादलों में भी मौजूद हैं और वे हमारे द्वारा खाए और पिए जाने वाली लगभग हर चीज को दूषित कर सकते हैं। जापान में शोधकर्ताओं ने माउंट फूजी और माउंट ओयामा पर चढ़ाई की और उनकी चोटियों पर छाई धुंध के पानी में माइक्र९प्लास्टिक पाया।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक हिरोशी ओकोची ने कहा, अगर प्लास्टिक वायु प्रदूषण के मुद्दे से सक्रिय रूप से नहीं निपटा गया, तो जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक जोखिम एक वास्तविकता बन सकते हैं। इससे भविष्य में अपरिवर्तनीय और गंभीर पर्यावरणीय क्षति हो सकती है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बादलों से पानी इकट्ठा करने के लिए माउंट फूजी और माउंट ओयामा पर चढ़ाई की। फिर उन्होंने नमूनों के भौतिक और रासायनिक गुणों को निर्धारित करने के लिए उन पर उन्नत इमेजिंग तकनीक लागू की। शोधकताओं ने हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक में अलग-अलग प्रकार के नौ पॉलिमर और एक प्रकार के रबड़ की पहचान की, जिनका आकार 7.1 से 94.6 माइक्रोमीटर तक है। बादल के प्रत्येक लीटर पानी में प्लास्टिक के 6.7 से 13.9 टुकड़े पाए गए।

इसके अलावा हाइड्रोफिलिक या जल-प्रेमी पॉलिमर भी प्रचुर मात्रा में थे। शोधकताओं के अनुसार, इससे पता चलता है कि ये कण तेजी से बादल बनने की प्रक्रिया में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार जलवायु प्रणालियों में उनका योगदान महत्वपूर्ण होता हैं। ओकोची ने कहा, जब माइक्रोप्लास्टिक ऊपरी वायुमंडल में पहुंचते हैं और सूरज की रोशनी से पराबैंगनी विकिरण के संपर्क में आते हैं,तब उनमें क्षय होने लगता है। इससे ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि होती है। नए प्रमाणों ने माइक्रोप्लास्टिक को व्यापक पर्यावरणीय नुकसान के अलावा, हृदय और फेफड़ों के स्वास्थ्य तथा कैंसर से जोड़ा है। माइक्रोप्लास्टिक हाल के वर्षों में सुर्खियों में आए हैं,क्योंकि उनके अनुचित निपटान के परिणामस्वरूप कई टन कचरा समुद्र में पहुंच गया है। हर साल प्लास्टिक कचरे की बहुत बड़ी मात्रा का पुनर्चक्रण नहीं होता। इसका मतलब यह है कि वह समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में मिल रहा है। कणों के अलग-अलग आकार के कारण वर्तमान जल प्रणालियां माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को प्रभावी ढंग से फिल्टर करने में असमर्थ हैं। प्लास्टिक हजारों वर्षों तक नष्ट नहीं होता और अनुमान है कि महासागरों में पहले से ही प्लास्टिक की लाखों वस्तुएं मौजूद हैं। भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए कठोर कदम नहीं उठाए गए तो दुनिया के महासागरों में प्लास्टिक कचरे की मात्रा 2050 तक मछलियों से अधिक हो जाएगी।



एक अन्य शोध से पता चला कि दुनिया का 80 प्रतिशत से अधिक नल का पानी प्लास्टिक से दूषित है। अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने पाया कि अमेरिका में पानी में प्लास्टिक प्रदूषण की दर 93 प्रतिशत है जो दुनिया में सबसे अधिक है। कुल मिलाकर दुनिया भर के दर्जनों देशों के 83 प्रतिशत पानी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। बोतलबंद पानी एक सुरक्षित विकल्प नहीं हो सकता है, क्योंकि विज्ञानियों को उसमें भी दूषित नमूने मिले हैं।

एक अन्य अध्ययन से पता चला कि मनुष्य के शरीर में भी प्रतिदिन विषाक्त माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच रहे हैं। इन कणों की मात्रा इतनी अधिक है कि सप्ताह भर में एक पूरे क्रेडिट कार्ड जितना माइक्रोप्लास्टिक सांस के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर रहा है। फिजिक्स ऑफ फ्लुइड्स पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षों में चेतावनी दी गई है कि प्लास्टिक उत्पादों के क्षरण से उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म कण हमारी श्वसन प्रणाली सहित संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने श्वसन प्रणाली के ऊपरी वायुमार्ग में माइक्रोप्लास्टिक कणों के परिवहन और जमाव का विश्लेषण करने के लिए एक कंप्यूटर मॉडल विकसित किया था। इस दल में सिडनी के प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी शामिल थे।

माइक्रोप्लास्टिक कण दरअसल प्लास्टिक के सूक्ष्म कण होते हैं जो आमतौर पर 5 मिलीमीटर से कम लंबाई के होते हैं। ज्यादातर ये कण लंबी अवधि में बड़े प्लास्टिक उत्पादों के विखंडन से उत्पन्न होते हैं। अत्यंत सूक्ष्म कणों को माइक्रोबीड्स भी कहा जाता है जिन्हें सौंदर्य उत्पादों और टुथपेस्ट आदि में प्रयुक्त किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से विज्ञानी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि इन कणों से स्वास्थ्य पर कई तरह के प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं। इन कणों के बिस्फेनॉल और फेलेट्स जैसे रासायनिक घटक हार्मोनों को बाधित करने के लिए जाने जाते हैं। ये रसायन कैंसर, बांझपन और समय-पूर्व यौवन से जुड़े हुए हैं। हाल के अध्ययनों से यह भी पता चला है कि मानव वायुमार्ग की गहराई में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक श्वसन प्रणाली के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकते हैं।

दुनिया में माइक्रोप्लास्टिक का उत्पादन बढ़ रहा है। हवा में माइक्रोप्लास्टिक का घनत्व काफी बढ़ रहा है। शोधकताओं ने धीमे और तेज सांस लेने की स्थिति में 1.6 से 5.56 माइक्रोन के विभिन्न माइक्रोप्लास्टिक कणों के प्रवाह का पता लगाया। नए अध्ययन में पाया गया कि विषाक्त प्रदूषकों वाले ये प्लास्टिक कण नाक की गुहा या गले के पीछे इकट्ठा होते हैं। उनके जमा होने की दर सांस लेने की स्थिति और कणों के आकार पर निर्भर करती है। डॉ. इस्लाम ने कहा, वायुमार्ग की जटिल और अत्यधिक विषम संरचनात्मक आकृति तथा नाक की गुहा और गले के मध्य भाग में जटिल प्रवाह व्यवहार के कारण माइक्रोप्लास्टिक कण अपने प्रवाह पथ से विचलित हो जाते हैं और इन क्षेत्रों में जमा हो जाते हैं। उन्होंने कहा, प्रवाह की गति, कण की जड़ता और विषम संरचना समग्र जमाव को प्रभावित करती है और नाक की गुहाओं और गले के मध्य भाग में जमाव को बढ़ाती है। वैज्ञानिकों ने अध्ययन में पाया कि बढ़े हुए प्रवाह से कम जमाव हुआ और लगभग 5.56 माइक्रोन के बड़े माइक्रोप्लास्टिक कण छोटे कणो की तुलना में वायुमार्गों में अधिक बार जमा हुए। ये निष्कर्ष माइक्रोप्लास्टिक कणों से संपर्क और सांस के जरिए उनके शरीर में पहुंचने के खतरों को उजागर करते हैं। प्लास्टिक प्रदूषण के उच्च स्तर या औद्योगिक गतिविधि वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच इस तरह के खतरे बहुत ज्यादा हैं।

# एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने सेवराई में लगाया जन चौपाल, सुनी फरियाद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सेवराई में तहसील परिसर के सभागार मे तहसील एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण जिसमे विभिन्न विभगो के अधिकारियो के संग एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने आवश्यक बैठक किया। बैठक उपरांत जन चौपाल में आए हुए आमजनमानस की समस्याओं को एमएलसी चंचल ने ध्यानपूर्वक सुना समस्याओं से विदित होकर समस्याओं के संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आदेशित किया। सेवराई क्षेत्र के ग्राम प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सुझाव एवं समस्याओं को सुनकर मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। ग्राम प्रधान गणों की समस्याओं का संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी को जल्द से जल्द ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करने का भी निर्देश दिया। तहसील अधिवक्ताओं



ने तहसील प्रांगण के अंदर दैनिक समस्याओं के संबंध पत्रक सौपा। अधिवक्ताओं को एमएलसी ने जल्द से जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सेवराई, क्षेत्राधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग, एसडीओ विद्युत विभाग, थाना अध्यक्ष रेवतीपुर, थाना अध्यक्ष नगसर, प्रभारी निरीक्षक गहमर, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा, एमएलसी प्रतिनिधि डॉक्टर प्रदीप पाठक, ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, हिमांशु सिंह, अधिवक्ता विनीत सिंह, अमित नागवंशी, अमित सिंह,अनूप जायसवाल सहित समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधान गण एवं संबंधित अधिकारी गण, आमजन मानस उपस्थित रहे।

## ऋषिमुख पर्वत पर हनुमान मिलन का दृश्य लोगों को खूब भाया



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। विकास खंड पाली के ग्राम लखनापार में रामलीला मंचन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद थे। सोमवार की रात हुए मंचन में लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। ऋषिमुख पर्वत दृश्य के मंचन में राम- लक्ष्मण के साथ हनुमान के मिलन देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बाली के बध और उसकी पत्नी तारा के विलाप पर महिलाओं की आंखें नम हो गई। लोगों ने कुमति के मार्ग अनुसरण न करने की चर्चा करने लगे। राम सेतु पर वानरों के अथक परिश्रम को लोगों ने खूब सराहा। और कहने लगे कि यदि दृढ़ संकल्प हो तो कठिन से कठिन कार्य हो सकतें हैं। मंत्रियों द्वारा अनेक तर्कों से रावण के समझाने की कला को कलाकारों ने बड़े बखूबी निभाया। उनके मंचन दृश्य को लोग एकटक निहारते रहे। विभीषण के समझाने पर रावण नहीं माना और तो और उन्हीं के सामने संकट खड़ा कर दिया। विभीषण की दुविधाजनक स्थिति पर लोगों में खूब चर्चा होने लगी। लोग कह उठे कि मूर्ख को समझना अपना नुकसान करना है। पुनः विभिषण की राम शरणागति पर सभी ने संतोष की सांस ली। उक्त अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी बृज राज कुमार सिहं ऊर्फ पप्पू सिंह, नितेश शुक्ला, नरेंद्र पाल,वीरू कुमार, डाक्टर नरेंद्र यादव, डाक्टर राजवंत, मनीराम यादव, संजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, लल्लू सिंह, लवकुश, सुरज यादव, शेषनाथ पाण्डेय, शिवाशंकर ऊर्फ मोनू पांडेय, राहुल, सतीश सिंह, जितेन्द्र सिंह, रामलखन गौड़, राजन, आलोक, काजु सिंह, संतोष कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### काशी द्वार के विरोध में किसान 21 को तहसील का करेंगे घेराव



प्रखर पिंडरा वाराणसी। आवास विकास परिषद द्वारा पिंडरा में बनने वाले काशी द्वार के लिए घोषित अवासीय योजना के विरोध में किसान मुखर होने लगे है। मंगलवार को रमईपुर में एकत्र हुए किसान तहसील घेराव के रणनीति पर चर्चा की। रमईपुर दुर्गा मंदिर पर अपराह्न में हुए किसान संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एकत्र हुए और प्रशासन के ऊपर किसानों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया और निर्णय लिया कि प्रभावित 10 गांवों के किसान 21 दिसम्बर को रमईपुर से पिंडरा तहसील तक पैदल मार्च करते निकालेंगे और वहाँ धरना प्रदर्शन करने के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्रक देंगे। बैठक की अध्यक्षता घनश्याम पटेल व संचालन सन्तोष पटेल ने किया। इस दौरान फतेहनारायन सिंह, अमरनाथ, सुनील कुमार, काशीनाथ, प्रेम नट,विशुन दयाल,जयप्रकाश, गुड्डू पटेल, राममूरत, ईश्वरी नारायण समेत दर्जनों लोग रहे।

### खाद्य विभाग ने दुबिहा मोड़ में छापे मारकर लिए 42 नमूने



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को सहायक आयुक्त वाराणसी मण्डल, वाराणसी द्वारा प्रदत्त एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से दुबिहा मोड लठ्ठूडीह मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र जनपद गाजीपुर में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 42 नमूनें जॉच किये गये। जबकि सोमवार को एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से दूध के 2 नमूनें, पनीर का 01 नमूना, दूध से बनी मिठाईयों के 13 नमूनें, अन्य स्वीट्स के 04 नमूनें, मसालें के 7 नमूने, तेल के 04 नमूनें दाल के 5 नमूनें एवं अन्य (टमाटर की चटनी, गुड़ की चटनी एवं इमली की चटनी) के 6 नमूनें कुल 42 नमूनें जाँच किये गये जिनमें से मिल्क स्वीट के 05 नमूनें में बाह्य पदार्थ युक्त पाया गया एवं मसाले (हल्दी) के 01 नमूना मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। मौके पर ही खाद्य कारोबारकताओं को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया गया एवं उन्हें भविष्य में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देशित किया गया तथा मौके पर उपस्थित आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। एफ0एस0डब्ल्यू वैन का संचालन मो0 हनीफ लैब टेक्नीशियन एवं आर०पी० सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में राजीव कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गाजीपुर द्वारा किया गया।

### गांजा बिक्री से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। ज्ञातव्य हो कि दिनांकः18.12.2023 को सोशल मीडिया प्लेट्फार्म एक्स(पूर्व ट्विटर) पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महुली में अवैध गांजा बेचने का वीडियो वॉयरल हुआ। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा उक्त वॉयरल वीडियो का त्वरित संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अहरौरा को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः19.12.2023 को उप-निरीक्षक एजाज खाँ मय पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित अभियुक्त घनश्याम पटेल पुत्र लाल बहादुर पटेल निवासी कजाकपुर महुली थाना अहरौरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त घनश्याम पटेल उपरोक्त के कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-283/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

### हनुमान मंदिर परिसर में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप खराब, श्रद्धालुओं की बढ़ी परेशानी

गड़वार (बलिया)। स्थानीय कस्बा के हनुमान गढ़ी, चौराहा स्थित मंदिर पर लगा इंडिया मार्का हैंड पंप विगत दो वर्षो से खराब पड़ा है जिससे मंदिर में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंदिर के पुजारी पं०भोला गिरि ने बताया कि मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा सुन्दर कांड का पाठ किया जाता है साथ ही आने जाने वाले राहगीर भी मंदिर परिसर में आकर प्रसाद चढ़ाते है। हाथ पैर धोने के लिए आस पास के दुकानदारों के यहां जाना पड़ता है। हालांकि इस बाबत ग्राम प्रधान से लगायत उच्चाधिकारियों को भी इस समस्या के निदान के लिए बार-बार सूचना देने के बावजुद आज तक कोई कार्यवाही न होने से लोगों में आक्रोश है। कृपाशंकर तिवारी,रणजीत सिंह,बृजनाथ सिंह आदि श्रद्धालुओं ने ध्यान आकृष्ट कराया है।

### जान को जोखिम में डालकर स्टीमर में यात्रा करने को लोग मजबूर

सिकन्दरपुर (बलिया)। स्थानीय खरीद दरौली घाट के मध्य लगने वाले पीपा पुल का निविदा अभी तक न होने से प्रतिदिन सैकड़ो लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। स्टीमर पर स्टीमर संचालक मनमानी तरिके से दोपहिए वाहनों को लाद अपनी जेब भरने को आतुर स्टीमर संचालक लोगों के जान माल की परवाह किये बिना धड़ल्ले से नाव का संचालन कर रहें है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 15 नवंबर से पीपा पुल का काम शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार विभागीय लापरवाही के वजह से अभी तक पीपा पुल का निविदा नहीं हो पाया है।

### 27 जनवरी को होगा गड़हा महोत्सव संग विवाहोत्सव

नरहीं बलिया। बहुचर्चित प्रतिष्ठित एवं प्रतिक्षित स्व हरिशंकर राय स्मृति विशाल गड़हा महोत्सव का आयोजन 27 जनवरी 2024 दिन शनिवार को होगा। अखिल भारतीय भोजपुरी विकास सेवा संस्थान से संबद्ध गड़हा विकास मंच की एक आवश्यक बैठक भरौली स्थित मंच के कैम्प कार्यालय पर हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिन में सामूहिक विवाह एवं शायं को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन गड़हा विकास मंच के कैम्प कार्यालय पर शुरू हो गया है।

## बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में कमांडो आर्या ने बिखेरा अपना जलवा बेस्ट मैन फिजिक का जीता खिताब

बलिया। जनपद के ग्राम सभा शिवपुर दियर नई बस्ती में बलिया बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस एसोसिएशन के द्वारा मिस्टर बलिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि अनिकेत वर्धन सिंह एवं मिस्टर यूनिवर्स विराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूवात किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल के सभी जनपदों से एक से बढ़कर एक 180 बॉडी बिल्डर प्रतिभाग करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने अपने अपने कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उपस्थित निर्णय लेने वाले जज मिस्टर यूनिवर्स



विराज, राजेश गुप्ता,रजनीश कुमार यादव ने मानकों के आधार पर अपना शत प्रतिशत निर्णय लिया। प्रतियोगिता में सभी बॉडी बिल्डरों को पछाड़ते हुए मसल फैक्ट्री के कमांडो आर्या ने बेस्ट मैन फिजिक इन बलिया का जीता खिताब। मुख्य अतिथि अनिकेत सिंह ने कमांडो आर्या को मेडल शील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया साथ ही ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं उनके मंगल भविष्य की कामना की।

## श्री नीलकंठ महादेव मंदिर व श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर में शुरू हुआ रक्तदान की परंपरा

प्रखर वाराणसी। मलदहिया स्थित श्री नीलकंठ महादेव एवं श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर के 12वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय साईं उत्सव 2023 के अंतर्गत 19 दिसम्बर मंगलवार को प्रथम दिन रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व आयुष चिकित्सा के अंतर्गत नाड़ी परीक्षण उपरांत औषधी वितरण किया गया। आयोजन में किया 75 लोगों ने रक्तदान किया इस अवसर पर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व दवा वितरण किया गया` मंदिरों में अपने इष्ट देव को जलदान ,धन, दान एवं पुष्प दान के परंपरा से अलग हटकर विगत 7 वर्षों से उक्त परंपरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग स्वेच्छा से अपना रक्तदान करते हैं और भगवान के चरणों में अर्पित



करते हैं जिससे वह रक्त किसी जरूरतमंद को काम आ सकता है। उत्तम कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि काशी के प्रथम नागरिक अशोक तिवारी ,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र महेश चंद्र श्रीवास्तव ,भाजपा काशी क्षेत्र के कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, डा. अशोक राय, डॉ दयाशंकर उपस्थित रहें। कार्यक्रम के आयोजक रजनीश कनौजिया व कार्यक्रम में प्रेम मिश्रा, अशोक जायसवाल, राम भजन अग्रहरि, सत्य प्रकाश आर्य, अनिल श्रीवास्तव, कैलाश साहू, गुलशन कनौजिया, आशीष कनौजिया, सत्य प्रकाश आर्य, राहुल गुप्ता, उज्जवल कनौजिया, उत्कर्ष चौधरी, आदित्य चौधरी, क्षेत्रीय पार्षद सुशील गुप्ता, जय सैनी एवं श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय रक्त बैंक की टीम मौजूद रही।

## गहमर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हुई उम्मीद निर्माण के लिए शासन ने मांगी आख्या

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एशिया के सबसे बड़ा गांव गहमर जिसकी आबादी लाखों में है। लेकिन यहां के लोगों के लिए अब तक स्वास्थ्य सुविधा सही ढंग से नहीं मिल पाने के कारण पिछले दिनों जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए प्रस्ताव दिया था। अब उस प्रस्ताव पर शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उक्त प्रस्ताव के संबंध में शासन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को लेकर आख्या मांगा है। इसके संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षण अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य भवन लखनऊ को आख्या उपलब्ध करा दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि जमानिया तहसील के गहमर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कराए जाने के संबंध में शासन ने आख्या मांगा है।इसके संबंध में विभाग के द्वारा पूरी जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए एक से डेढ़ लाख की आबादी चाहिए। जबकि गहमर गांव अकेले इसे पूरा करता है। उन्होंने बताया कि विकासखंड भदौरा गाजीपुर की 2011 के जनगणना के आधार पर जनसंख्या 293261 है। एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी 10 किलोमीटर है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए न्यूनतम एक से डेढ़ एकड़ की भूमि की आवश्यकता होती है। जिसके लिए मुख्य राजस्व अधिकारी को पत्राचार कर दिया गया है। बताते चले की एशिया के सबसे बड़े गांव में शुमार गहमर गांव जो फौजियों के गांव के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर पूर्व से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित होता रहा है। जो काफी हो जीर्ण शीर्ण हो चुकी है। पिछले दिनों जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह के द्वारा स्वास्थ केंद्र का दौरा किया गया था। वहां पर काफी लापरवाही भी मिली थी। कई स्टाफ मौके से गायब मिले थे। जिसको विधायक ओम प्रकाश सिंह ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ाने के बारे में यह कदम उठाया है।

वही गहमर गांव में स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने के कारण यहां के स्थानीय ग्रामीण और आसपास के गांव के लोग बक्सर बिहार जाकर स्वास्थ्य सुविधा लेते थे। वहीं अगर आंकड़ों की बात करें तो इस गांव में जन्म लेने वाले 80 फीसदी बच्चे भी बिहार में जन्म लेते हैं। ऐसे में यह सुविधा बढ़ जाने से अब लोगों को काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

### जेएनसीयू के विद्यार्थियों का हुआ कैंपस चयन

बलिया। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण और मार्गदर्शन में एप्ट रिसर्च ग्रुप कम्पनी द्वारा सोमवार को विवि परिसर में कैंपस चयन के लिए विद्यार्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के 8 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया गया। एप्ट रिसर्च ग्रुप कम्पनी सन 1989 से दक्षिण भारत में चुनाव परिणामों की सटीक भविष्यवाणी करने के लिए जानी जाती है। इसकी सेवाओं का उपयोग द हिंदू, डेक्कन हेराल्ड, फ्रंटलाइन, संडे मेल, सन टीवी, तमिलनाडु सरकार जैसे प्रतिष्ठित संगठन, वर्षों से करते आ रहे हैं। कम्पनी द्वारा बलिया में इसी प्रकार का एक अध्ययन आयोजित करने के लिए 8 छात्र और छात्राओं का चयन किया गया हैं। जिनके नाम अनुराग पटेल, अमन सिंह, सूरज यादव, मान सिंह, आकाश कुमार पाण्डेय, अन्जली तिवारी, नेहा सिंह व गीता पाण्डेय है।

## टोल प्लाजा के खिलाफ 35वें दिन भी लगातार धरना जारी



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा वनस्थली महाविद्यालय के पास वाराणसी शक्ति नगर मार्ग SH5A पर लगे अस्थाई अवैध टोल प्लाजा को हटाने व अन्य मांगो को लेकर किसानों द्वारा दिन रात धरना शांति पूर्वक चल रहा है। 35 दिन से बैठे किसानों की कोई सुधि लेने वाला जनप्रतिनिधि नहीं दिखा, जिला प्रशासन के ही आश्वासन पर 20 दिन के लिए धरना स्थगित हुआ था 45 दिन गुजर जाने के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया , आज दिनांक 19/12/2023 को धरना के 35 वे दिन रामसूरत सिंह पूर्वांचल सदस्य की अध्यक्षता मे चल रहा हैं, जिसमें निम्न लोग उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, स्वामी दयाल सिंह कोषाध्यक्ष, पंचम सिंह जिला सचिव, प्रभु नारायण सिंह पूर्व प्रधानाचार्य अमरनाथ पूर्व प्रधान,चौधरी रमेश सिंह अन्नदाता मंच, अमरनाथ, रामराज ,दीप नारायण नंदलाल भारती, सुधाकर सिंह, पारसनाथ , राजकुमार, महेंद्र सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नमो व सरल ऐप्स से जुड़े सभी कार्यकर्ता : विपिन सिंह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को भाजपा जखनिया मंडल प्रथम की बैठक सनशाइन स्कूल पर संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा भाजपा निरंतर 24 घंटे 365 दिन लगातार काम करने वाले पार्टी है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जो भी निर्णय लेता है उन योजनाओं और कार्यों को करने के लिए बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता सक्रिय हो जाते हैं। उन्होंने 31दिसम्बर को मन की बात सुनने का आग्रह किया। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा पार्टी के हर कार्यकताओं को नमो ऐप्स सरल ऐप से जुड़कर सोशल मीडिया के माध्यम से देश व प्रदेश सरकार की सारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका का निर्वहन करना होगा। भाजपा



व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा हमारे श्रध्देय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती पर हर बूथों पर सुशासन दिवस मनाया जाएगा, सभी कार्यकताओं की सहभागिता जरूरी है। वही वर्मा ने तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत व तेलंगाना में भाजपा की बढ़ती हुई जन लोकप्रियता पर सभी देवतुल्य कार्यकताओं को बधाई दिया और कहां कि हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे आराध्य प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है, जिसके लिए कितने अनगिनत साधू, सन्यासियों व आम जनता, पार्टी कार्यकताओं ने संघर्ष किया है। निश्चित रूप से कह सकता हूं की आक्रांता काल से लेकर पूर्व की सरकारों ने जिस प्रकार से इस देश में तुष्टिकरण किया देश का विभाजन किया अधर्म के राह पर ले जाने का प्रयास किया, अति हो गई थी। लेकिन कहा गया है जब जब होई धर्म की हानि, बाढहिं असुर अधम अभिमानी, तब तब धरी प्रभु विविध शरीरा, हरहि दयानिधि सज्जन पीरा। जब भी धरती पर अत्याचार बड़ा है प्रभु किसी ने किसी रूप पर में अवतार लिए हैं और आज उन्हीं के स्वरूप इस देश में नरेंद्र मोदी व आदित्यनाथ योगी ने अवतार लेकर अधर्मियों का सर्वनाश कर रहे हैं और धर्म की स्थापना कर रहे हैं। भाजपा के कार्यकताओं ने जिस रामराज की परिकल्पना की थी वह अब इस देश में स्थापित होने जा रहा है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दया शंकर सिंह, युवा मोर्चा के प्रशांत सिंह, अनुसूचित जनजाति के प्रदेश मंत्री लाल जी गोड़, किसान मोर्चा के शैलू सिंह, शंभू नाथ त्रिपाठी, सीताराम चौहान, पंकज कुमार सिंहा, नंदलाल प्रजापति, शिवानंद सिंह, वायु नंदन पांडेय, अरविंद चौहान, पारस पांडेय सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री धर्मवीर राजभर व अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मैक्सिको : क्रिसमस पार्टी में गोलीबारी, 16 की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मेक्सिको के उत्तर-मध्य राज्य गुआनाजुआतो के साल्वाटियेरा शहर में रविवार तड़के क्रिसमस पार्टी के दौरान बंधूकधारियों के हमले में 16 लोगों की मौत हो गई। राज्य अभियोजकों ने बताया कि सलामांका शहर में गोलीबारी में चार अन्य लोगों की भी मौत हुई। हालांकि, उन्होंने हमले की वजह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। गोलीबार में जान गंवाने वाले 'पोसाडा' नामक क्रिसमस पार्टी के बाद कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलियां चला दीं। शहर में 'जलिस्को कार्टेल' और 'सिनालोआ कार्टेल' द्वारा समर्थित स्थानीय गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष लंबे समय से चल रहा है।

### बांग्लादेश : चुनाव से पहले तैनात की जाएगी सेना

**ढाका।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना तैनात किया जाएगा। बांग्लादेश चुनाव आयोग के सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम ने बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को आगामी आम चुनाव के दौरान सेना की तैनाती को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। यह निर्णय रविवार को राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के बीच हुई बैठक में लिया गया।

### लेबनान-इस्राइल सीमा पर हिजबुल्लाह के दो लड़ाके ढेर

**बेरूत।** लेबनान-इस्राइल सीमा पर संघर्ष में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए। इस्राइली ड्रोन और युद्धक विमानों ने रविवार को दक्षिणी गांवों और कस्बों पर हमले किए और पहली बार सीमा रेखा से लगभग 40 किलोमीटर दूर एक गांव पर हमला किया। इस बीच हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने सीमा पार इस्राइली सैनिकों की सभा पर हमला किया, जिसमें कुछ सैनिक घायल हो गए। लेबनान-इस्राइल सीमा पर गत08 अक्टूबर से तनाव बढ़ गया है जब लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने इस्राइल पर हमास के हमलों के समर्थन में किया था।

### अमेरिका : घर में आग लगने से पांच बच्चों की मौत

**बुलहेड सिटी।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में घर में आग लगने से पांच बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के वक्त घर पर कोई व्यस्क मौजूद नहीं था। बुलहेड सिटी पुलिस ने बताया कि आग शनिवार शाम करीब पांच बजे लगी और घर में मौजूद बच्चे घटना के वक्त दो मंजिला इमारत से बाहर नहीं निकल सके। शहर के अग्निशमन विभाग की एक प्रवक्ता ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले पांचों बच्चों की उम्र दो वर्ष से 13 वर्ष के बीच थी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है।

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से 300 को बचाया गया

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी हिस्से में आई बाढ़ के कारण मुसीबत में फंसे 300 से अधिक लोगों को रात में इलाके रेस्क्यू करना पड़ा। इनमें से दर्जनों लोग अपने घर की छत पर फंसे हुए थे। देश के केर्न्स हवाई अड्डे को बाढ़ का पानी भर जाने से सोमवार को बंद कर दिया गया। अधिकारियों को चिंता है कि 1 लाख 60 हजार की आबादी वाले शहर में पीने की पानी की किल्लत हो जाएगी। केर्न्स में जहां बारिश की रफ्तार कम हो गई वहीं समीपवर्ती पोर्ट डगलस, डेनट्री, कुकटाउन, वुजल वुजल और होप वेले में बहुत खराब मौसम की चेतावनी के साथ भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

### मादक पदार्थ की तस्करी में नाइजीरियाई गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के एक प्रमुख सदस्य व नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी के मुताबिक आरोपी कथित तौर पर मादक पदार्थ गिरोह का संचालन व वित्तपोषण कर रहा था। डीआरआई की मुंबई इकाई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 2.4 किलोग्राम कोकीन जब्त की थी और 14 अक्टूबर को गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने एक नाइजीरियाई नागरिक के नाम का खुलासा किया जो ग्रेटर नोएडा से गिरोह का वित्तपोषण और संचालन कर रहा था। उन्होंने बताया कि कुछ महीनों के निरंतर प्रयासों और निगरानी के बाद डीआरआई के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया।

# बंधकों की रिहाई के लिए इस्राइल ने तेज किए प्रयास

**गाजा (आईएएनएस)।** इस्राइल ने बंधकों की रिहाई के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। कतर ने भीषण युद्ध के बीच गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए इस्राइल और हमास के बीच बंधक समझौते को फिर से शुरू करने के लिए नए प्रस्ताव पेश किए हैं। एक फिलिस्तीनी सूत्र ने यह जानकारी दी।

सूत्र ने रविवार को शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि एक उच्च स्तरीय कतर प्रतिनिधिमंडल 16 दिसम्बर से नॉर्वे में आयोजित अघोषित बैठकों में इस्राइली अधिकारियों के साथ प्रस्तावों पर चर्चा कर रहा है, यह देखते हुए कि वार्ता खोजपूर्ण थी। सूत्र ने कहा, मिस्र के साथ समन्वय में, कतर गाजा में मानवीय युद्धविराम के लिए नई समझ तक पहुंचने के लिए इस्राइल और हमास के बीच अदला-बदली समझौते को पुनर्जीवित करना चाहता है। सूत्र ने बताया कि चर्चा में गाजा में कई दिनों के मानवीय संघर्ष विराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए शेष इस्राइली बंधकों को रिहा करने के साथ-साथ इस्राइल से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर भी चर्चा हुई।

सूत्र के अनुसार, कतर इस्राइली जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कई फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में तीन वरिष्ठ इस्राइली अधिकारियों

**कतर ने हमास-इस्राइल बंधक समझौते पर नए प्रस्ताव किए पेश**

को रिहा करने की मांग कर रहा है। कतर के नए कूटनीतिक प्रयास हमास द्वारा पकड़े गए तीन इस्राइली सैनिकों के गाजा में इस्राइली सेना द्वारा दुर्घटनावश मारे जाने के बाद आए। इस अभूतपूर्व घटना ने इस्राइलियों के बीच विवाद को जन्म दिया और शेष 129 बंधकों को रिहा करने के लिए इस्राइली सरकार पर दबाव तेज हो गया। इस बीच, युद्धग्रस्त इलाके के वास्तविक शासक हमास ने इस्राइल के साथ किसी भी नई बातचीत में शामिल होने से इनकार कर दिया, जब तक कि इस्राइल गाजा पर अपना आक्रमण समाप्त नहीं कर देता।

शिन्हुआ को भेजे गए एक बयान में, आतंकवादी समूह ने कहा कि हमने सभी मध्यस्थों को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है कि जब तक गाजा में इस्राइली आक्रामकता बंद नहीं हो जाती, हम किसी भी प्रस्ताव पर अपना दिमाग नहीं खोलेंगे। कतर और मिस्र ने पिछले महीने के अंत में सात दिवसीय मानवीय संघर्ष विराम की मध्यस्थता की थी, जब हमास ने गाजा से लगभग 86 इजरायली बंधकों और 24 विदेशी बंधकों को रिहा कर दिया था। यह ताज़ा घटनाक्रम तब हुआ है, जब इज़रायल ने गाजा पट्टी पर बमबारी तेज़ कर दी है।



गाजा पट्टी सीमा के पास एक बख्तरबंद वाहन में वायलन बजाता इस्राइली सैनिक।

# श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका की नौसेना ने द्वीपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में मछली पड़कने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनके ट्रॉलर जब्त कर लिए हैं। इस घटना के बाद इस साल गिरफ्तार भारतीय मछुआरों की कुल संख्या लगभग 240 हो गई है।

नौसेना ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि इन मछुआरों को रविवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर अपतटीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले छह दिसम्बर को, मन्नार और कोविलन के पूर्वोत्तर जलक्षेत्र में कम से कम 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था तथा उनके चार ट्रॉलर जब्त कर लिए गए थे। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में 'भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़े जाने' की समस्या का जिक्र करते हुए मत्स्य पालन मंत्री डगलस देवानंदा ने पिछले सप्ताह संसद में कहा था कि इसके लिए दोनों देशों के बीच एक शीर्ष-स्तरीय राजनयिक समाधान की आवश्यकता है। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा रहा है, यहां तक कि श्रीलंकाई नौसेना ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है। पाक जलडमरूमध्य भारत के तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली पानी की एक संकीर्ण पट्टी है और यह दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का पसंदीदा क्षेत्र है।

**इस साल गिरफ्तार भारतीय मछुआरों की संख्या 240 हो गई**

# अमेरिका ने दक्षिणी सीमा पर रेल परिचालन रोका

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने घोषणा की है कि वह प्रवासी क्रॉसिंग में लगातार वृद्धि के कारण सोमवार से टेक्सास के ईगल पास और एल पासो में अंतरराष्ट्रीय रेलवे क्रॉसिंग पुलों पर परिचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर देगा।

रविवार को एक बयान में, सीबीपी ने कहा कि सोमवार सुबह 8 बजे (स्थानीय समय) से लागू निलंबन प्रवासियों को हिरासत में लेने के साथ अमेरिकी सीमा गश्ती दल की सहायता के लिए कर्मियों को पुनर्निर्देशित करने के लिए है। एजेंसी ने कहा कि वह कमज़ोर व्यक्तियों को शिकार बनाने के लिए दुष्प्रचार करने वाले तस्करों द्वारा दक्षिण पश्चिम सीमा पर प्रवासी मुठभेड़ों के बढ़े हुए स्तर के जवाब में प्रवासियों को सुरक्षित रूप से संसाधित करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों को बढ़ाना जारी रख रही है। यह कहा, मालगाड़ियों के माध्यम से मैक्सिको के माध्यम से प्रवासियों को ले जाने वाले तस्करी संगठनों के हालिया पुनरुत्थान को देखने के बाद, सीबीपी कर्मियों को बढ़ाने और इस संबंधित मामले के समाधान के लिए अतिरिक्त कार्रवाई कर रहा है, इसमें मैक्सिकन अधिकारियों के साथ साझेदारी भी शामिल है।

**प्रवासियों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए उठाया कदम**

## गुलमर्ग में पारा शून्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे

**श्रीनगर (भाषा)।** उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया तथा यह घाटी में रात में सबसे ठंडा स्थान रहा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि श्रीनगर में बादल छाए रहने के कारण तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। श्रीनगर में रविवार को रात में न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग में 1.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

# भारत को हथियार आपूर्ति से बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने भारत के स्पष्ट संदर्भ में दक्षिण एशिया में 'एक देश' को पारंपरिक हथियारों की 'उदार' आपूर्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और जोर देकर कहा है कि यह क्षेत्रीय अस्थिरता को बढावा दे रहा है और छद्म क्षेत्रीय संतुलन को खतरे में डाल रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के उप स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत मुहम्मद उस्मान इकबाल जादून ने सुरक्षा परिषद को बताया कि संकीर्ण रणनीतिक, राजनीतिक और वाणिज्यिक विचारों के आधार पर दक्षिण एशिया के प्रति दोहरे मानकों की नीति को त्यागना चाहिए। राजदूत जादून 'शांति और सुरक्षा के लिए छोटे हथियारों और हल्के हथियारों और उनके गोला-बारूद के दुरुपयोग, अवैध तस्करी और दुरुपयोग से उत्पन्न खतरे को संबोधित करने' पर एक चर्चा में बोल रहे थे, जिसमें सुरक्षा परिषद में कम से कम 60 देशों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि पारंपरिक हथियारों को सीमित करने और धीरे-धीरे कम करने का लक्ष्य साकार हो गया है। इसकी बजाय, हम खुद को वैश्विक सैन्य व्यय में लगातार वृद्धि के बीच पाते हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण एशिया में कई अस्थिर करने वाले घटनाक्रम स्पष्ट हैं, जहां एक राज्य का सैन्य खर्च अन्य सभी राज्यों की तुलना में काफी अधिक है।

जादून ने कहा, इस देश को पारंपरिक हथियारों की उदार आपूर्ति, इसकी रणनीतिक क्षमताओं के साथ, अस्थिरता को बढ़ावा दे रही है, नाजुक क्षेत्रीय संतुलन को खतरे में डाल रही है, लंबे समय से चले आ रहे विवादों के समाधान में बाधा डाल रही है, इसकी दण्ड

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जताई चिंता**

**जम्मू कश्मीर का भी मुद्दा उठाया**

से मुक्ति और आधिपत्यवादी योजनाओं की भावना को मजबूत कर रही है और क्षेत्र में स्थायी शांति और टिकाऊ विकास की प्राप्ति में बाधा डाल रही है। इस पारंपरिक असंतुलन के कारण तनाव बढ़ने के अंतर्निहित खतरे के कारण परमाणु-सशस्त्र राज्यों के बीच संघर्ष भी भड़क सकता है। दूत ने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि पाकिस्तान का क्षेत्रीय हथियारों की होड़ में शामिल होने का इरादा नहीं है और वह दक्षिण एशिया में एक रणनीतिक संयम शासन की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें पारंपरिक बल संतुलन का तत्व शामिल है। पाकिस्तान और भारत के बीच कश्मीर विवाद का जिक्र करते हुए राजदूत जादून ने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता केवल सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार विवाद के समाधान और पारंपरिक और रणनीतिक सैन्य बलों के बीच संतुलन बनाए रखने के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। पाकिस्तान ने तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) जैसे आतंकी संगठनों के पास आधुनिक और परिष्कृत हथियारों के कब्जे का भी हवाला दिया, जो देश में विभिन्न बड़े आतंकी हमलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस बात की जांच करने का आह्वान किया कि उसे ये हथियार कैसे मिले। उन्होंने कहा, हालांकि हमने इसमें शामिल सभी लोगों को सफलतापूर्वक मार गिराया, लेकिन इन आतंकवादियों के पास अत्याधुनिक हथियारों का कब्ज़ा, जिनमें से किसी के भी निर्माण की उनके पास क्षमता नहीं है, आज की बड़ी समस्या का संकेत देता है।

# कांग्रेस ने शुरू किया 'डोनेट फॉर देश' अभियान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए सोमवार को 'डोनेट फॉर देश' नाम से अभियान शुरू किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने खुद 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया। कांग्रेस, वेबसाइट और एक ऐप के माध्यम से यह अभियान चला रही है। खरगे ने कहा कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के माध्यम से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, 'आज खुशी दिन का दिन है कि हमारे नेताओं ने मिलकर एक ऐप तैयार किया है । कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी...यह अभियान पूरे देश में एक मुहिम बन रहा है, जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं।'

**खरगे ने कहा, सिर्फ अमीरों के भरोसे रहने पर उनकी नीतियां माननी पड़ती हैं**

खरगे ने कहा, 'अगर सिर्फ अमीरों पर भरोसा करके काम करते जाएंगे तो आगे आपको उनके कार्यक्रम और नीतियों को मानना पड़ता है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की इकलौती पार्टी है जो गरीबों के साथ है। बाद में उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'अभियान, हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और गिने-चुने पूंजीवादी लोगों का पक्ष लेने वाली, तानाशाही सरकार के ख़िलाफ़ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है।' देश की मुख्य विपक्षी पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुना राशि चंदे के रूप में देने की अपील कर रही है।

## इस्राइल ने केरेम शालोम क्रॉसिंग खोला

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इस्राइल ने गाजा पट्टी के साथ केरेम शालोम सीमा को खोल दिया है। इससे सात अक्टूबर को हमास के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा में महत्वपूर्ण चैनल के माध्यम से सहायता की पहली प्रविष्टि हो गई है।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक सरकारी अधिकारी ने गुमनाम रूप से इसकी पुष्टि की कि क्रॉसिंग पर सुरक्षा जांच शुरू हो गई है, इससे रविवार को गाजा में कई सहायता शिपमेंट को प्रवेश की अनुमति मिल गई है। क्रॉसिंग खोलने के फैसले को शुक्रवार को इस्राइली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कदम विशेष रूप से मिस्र से गाजा में मानवीय सहायता के हस्तांतरण की अनुमति देता है। कार्यालय ने कहा कि यह फैसला बंधक रिहाई समझौते की शर्तों का पालन करने के लिए किया गया था, जिस पर नवंबर में हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के तहत, इस्राइल मिस्र से गाजा में भोजन और मानवीय सहायता के 200 ट्रक के दैनिक प्रवेश की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन मिस्र और गाजा के बीच राफ़ा क्रॉसिंग से प्रतिदिन केवल 100 ट्रक ही गुज़र पाते थे। मिस्र, इस्राइल और गाजा की सीमा पर स्थित केरेम शालोम ने गाजा के अंदर और बाहर माल के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में कार्य किया है, जो राफा क्रॉसिंग की तुलना में अधिक कुशल पारगमन मार्ग प्रदान करता है। अक्टूबर की शुरुआत में इस्राइल द्वारा एन्क्लेव की घेराबंदी के कारण गाजा को मानवीय सहायता, भोजन और साफ पानी की सख्त जरूरत है।

# गाजा में मारे गए चार और इस्राइली सैनिक

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इस्राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार को गाजा में चार और सैनिकों के मारे जाने की घोषणा की। इससे मौजूदा जमीनी हमले में मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 126 हो गई है।

सेना के अनुसार, सार्जेंट प्रथम श्रेणी के उरीजा बायर (20), उत्तरी शहर मालोट-तारशिहादीद के मैगलन यूनिट के एक कमांडो, ने 14 दिसम्बर को दक्षिणी गाजा में युद्ध के दौरान लगी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। इस बीच सार्जेंट प्रथम श्रेणी लियाव अलौश (21) और मास्टर सार्जेंट (रेस.) डुवदेवन इकाई से एतान नाएह (26); और मास्टर सार्जेंट. (रेस.) कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की याहलोम यूनिट के ताल फिलिबा (23), रविवार को दक्षिणी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। आईडीएफ ने यह भी कहा कि भीषण लड़ाई में कुछ सैनिक घायल हो गए, इनमें डुवदेवन यूनिट का एक सैनिक भी शामिल है। आतंकवादी समूह द्वारा सात अक्टूबर को यहूदी राष्ट्र के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शुरू करने के 20 दिन बाद इस्राइल ने 27 अक्टूबर को हमास-नियंत्रित क्षेत्र में अपना जमीनी आक्रमण शुरू किया है।

### गाजा में इस्राइली हमले में 110 लोगों की मौत

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उत्तरी गाजा के जबालिया क्षेत्र में इस्राइली हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 110 लोग मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार, रविवार को हुए हमलों में गाजा के सबसे बड़े जबालिया शरणार्थी शिविर के साथ-साथ एक आवासीय ब्लॉक भी शामिल था। हालांकि इस्राइली सेना ने सीधे तौर पर हमलों के बारे में कुछ नहीं कहा है। उसने केवल इतना कहा है कि वह क्षेत्र में काम कर रही है और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बना रही है।

# चिली के नागरिकों ने संविधान बदलाव के प्रस्ताव को नकारा

**के सैंटियागो (एपी)।** चिली के मतदाताओं ने देश के तानाशाही युग के संविधान को बदलने के लिए प्रस्तावित कंजरवेटिव संविधान संशोधन को नकार दिया है। रविवार देर रात तक 96 फीसदी मतों की गिनती की गई जिसमें से करीब 55.8 प्रतिशत लोगों ने नए संविधान के खिलाफ जबकि करीब 44.2 फीसदी लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया है।

यह मतदान ऐसे वक्त में हुआ है जब करीब साल भर पहले चिली के नागरिकों ने वामपंथी झुकाव वाली परिषद द्वारा लिखे प्रस्तावित संविधान को साफ तौर पर नकार दिया था। कई लोगों ने इस संविधान को दुनिया के सबसे प्रगतिशील संविधान में से एक बताया था। कंजरवेटिव काउंसिलर्स द्वारा लिखा गया नया संविधान पहले से कहीं ज्यादा रूढ़िवादी है क्योंकि इसमें मुक्त बाजार के सिद्धांतों को और गहरा बनाने, सरकार का हस्तक्षेप कम करने और कुछ महिला अधिकारों को सीमित करने का प्रावधान है। कंजरवेटिव 'इंडीपेंडेंट डेमोक्रेटिक यूनियन' पार्टी के नेता जेवियर मकाया ने हार स्वीकार की और सरकार से फिर इस मुद्दे को न उठाने का अनुरोध किया। प्रस्तावित नए मसौदे में सबसे विवादित बातों में से एक में कहा गया कि 'कानून अजन्मे बच्चे के जीवन की रक्षा करता है', जिसे लेकर कुछ लोगों ने आगाह किया कि इस दक्षिण अमेरिकी देश में गर्भपात पूरी तरह गैरकानूनी ठहराया जा सकता है। प्रस्तावित मसौदे में एक और प्रावधान को लेकर विवाद हुआ जिसमें कहा गया था कि लाइलाज बीमारी से पीड़ित और जो समाज के लिए अब खतरा नहीं हैं, ऐसे कैदियों को घर में नजरबंद रहने की अनुमति दी जा सकती है।

**मतदान में 55.8 प्रतिशत लोग बदलाव के खिलाफ**

# देवगौड़ा, टाटा, अंबानी, अडाणी भी बनेंगे प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी

## राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 16 से

**■ 22 को सुबह 11 बजे पहुंचेंगे पीएम मोदी**

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूजन 16 जनवरी से शुरू होगा। काशी के प्रकांड विद्वान पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड व लक्ष्मीकांत दीक्षित पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री 11 बजे श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि श्रीराम मंदिर पहुंचने पर पीएम कुबेरटीला पर जटायु की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ट्रस्ट के सदस्य समारोह में शामिल होंगे।



पत्रकारों से बातचीत में ट्रस्ट महासचिव श्री राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 12 बजे शुरू होना है, इससे पहले प्रधानमंत्री परिसर में अन्य धार्मिक गतिविधियों में शामिल होंगे। बताया कि जटायु की प्रतिमा देश के प्रसिद्ध मूर्तिकार ने तैयार की है, जो जीवंत प्रतीत हो रहा है। काशी के प्रकांड विद्वान ने शिलान्यास की तिथि बताई थी, उन्हीं को पूजन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मृगशिरा नक्षत्र में प्रधानमंत्री गर्भगृह में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। 23 जनवरी से 48 दिनों का मंडन पूजा होगी। उडुपी के शंकराचार्य विश्वप्रसन्ना तीर्थ महाराज के निर्देशन में पूजन होगा, जिसमें भगवान का अभिषेक व अन्य धार्मिक अनुष्ठान होगा।

### आडवाणी, जोशी का स्वास्थ्य ठीक नहीं, न आने का किया गया आग्रह

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी व मुरली मनोहर जोशी का शामिल होना अनिवार्य है, मगर स्वास्थ्य कारणों से हमने आग्रह किया है कि अयोध्या न आएं। समारोह के लिए अब तक संतों, धर्माचार्यों, खेल, फिल्म, उद्योग, कला, साहित्य, लेखकों को प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण भेजा जा चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को भी ट्रस्ट ने आमंत्रित किया है। राय ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित करने के लिए आरएसएस, विहिप के अलावा संतों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# उ. कोरिया ने फिर दागी मिसाइल

**सियोल (एपी)।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। इसे परमाणु गतिविधियां रोकने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उठाये गये कदम के बदले दबाव की रणनीति के तौर पर उत्तर कोरिया का जवाब माना जा रहा है।

दक्षिण कोरियाई सरकार ने उत्तर कोरिया की 'ह्वासोंग-18 आईसीबीएम' का संदर्भ देते हुए मिसाइल को ठोस ईंधन वाला हथियार बताया है। कहा जाता है कि तरल-ईंधन वाले हथियारों की तुलना में विरोधियों के लिए इसके प्रक्षेपण का पता लगाना बेहद मुश्किल होता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुछ समय पहले 'ह्वासोंग-18' को अपने परमाणु आयुध का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया था। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। उसने कहा कि मिसाइल का प्रक्षेपण उंचाई की तरफ किया गया था। इससे साफ है कि पड़ोसी देशों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए ऐसा किया गया था।

**खबर संक्षेप**

### अंबुजा सीमेंट्स नवीकरणीय ऊर्जा पर करेगी बड़ा निवेश

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड वित्त वर्ष 2026 तक 1,000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। गुजरात और राजस्थान में रणनीतिक रूप से स्थित सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं का एक विविध खंड शामिल है।

### सोना 100 रुपए मजबूत चांदी 350 रुपए चमकी



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 62,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### हैदराबाद से मस्कट के लिए जल्द नई उड़ान सेवा शुरू



**हैदराबाद।** जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने ओमान की सलाम एयर के साथ 17 दिसंबर से हैदराबाद से मस्कट के लिए नई उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मस्कट के लिए उड़ान संख्या ओवी732 हैदराबाद से सुबह तीन बजकर 55 मिनट पर प्रस्थान करेगी और सुबह छह बजे मस्कट पहुंचेगी।

### जय बालाजी ने फंसा कर्ज चुकाने जुटाये 559 करोड़



**कोलकाता।** इस्पात बनाने वाली कंपनी जय बालाजी इंडस्ट्रीज लि. दो परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों के पास शेष फंसा कर्ज चुकाने के लिए टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ 559 करोड़ रुपए का कर्ज समझौता किया है। जय बालाजी पर 2018-19 में करीब 3,000 करोड़ रुपये का एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्त) बकाया था।

### सीमेंस का ऊर्जा कारोबार अलग करने पर मुहर




**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने ऊर्जा कारोबार अलग करने की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए भारत में एक पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी के गठन का फैसला किया है। कंपनी सीमेंस एनर्जी एक्टींजेसेलशैफ्ट ने निदेशक मंडल से ऊर्जा कारोबार को एक अलग इकाई के सुपुर्द करने पर गौर करने के लिए कहा था।

### इनोवा कैपटैब का आईपीओ 21 दिसंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** दवा कंपनी इनोवा कैपटैब ने अपने 570 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए प्रति शेयर 426-448 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 21 दिसंबर को खुलेगा और 26 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ में 320 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और प्रवर्तकों तथा बिक्री शेयरधारकों द्वारा 55.80 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। इनोवा कैपटैब एक एकीकृत दवा कंपनी है, जिसकी अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण, दवा वितरण तथा

# जुदा है इस अरबपति की कहानी, सिर्फ 10000 से बनाई 15.65 लाख करोड़ की नेटवर्थ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- सन 1982 में शुरू की दवा कंपनी सन फार्मा

एक दौर था जब भारत में औद्योगिक घरानों का मतलब टाटा-बिड़ला हुआ करता था। मौजूदा समय में ये मेटाफर अब अंबानी-अदाणी को मिल चुका है। लेकिन कई लोग ऐसे होते हैं जो अपने काम से काम रखते हैं, मीडिया की चमक से दूर रहते हैं।

इस उद्योगपति की कहानी भी ऐसी है जिसने कभी 10,000 रुपए लेकर अपना कारोबार शुरू किया था, जो अब 15.65 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ में बदल चुका है। जी हां, यहां बात हो रही है सन फार्मा की शुरूआत करने वाले दिलीप संघवी की, जो भारत के 8वें सबसे अमीर इंसान हैं। उनकी नेटवर्थ 15.65 लाख करोड़ रुपए है। उनकी कंपनी देश की सबसे बड़ी दवा कंपनी है। उन्हें 'रिल्यूटेंट बिलिनियर' जैसे उपनाम से भी जाना जाता है।

**भारत के सबसे अमीर शक्स दिलीप संघवी सूची में आठवें स्थान पर**

### 100 से ज्यादा देशों में फैला कारोबार

आज सन फार्मा का कारोबार 100 से ज्यादा देशों में फैला है। देश की सबसे बड़ी दवा कंपनी होने के साथ ही ये दुनिया की चौथी सबसे बड़ी जेनरिक दवा कंपनी है। इसका रिवेन्यू 44,971 करोड़ रुपए हो चुका है। अपनी बायोग्राफी में उन्होंने बताया कि पैसे को लेकर मीडिया की दीवानगी की वजह से वह उससे दूरी बनाकर रखते हैं। ये आपको मुंबई के अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जाकर एक प्लेट इडली खाने से भी रोकती है।






### उधार से शुरू हुआ कारोबार का सफर

दिलीप संघवी के अरबपति बनने के सफर की शुरुआत 1982 में हुई थी। उनके पिता कोलकाता में दवाओं के डिस्ट्रीब्यूटर थे, लेकिन दिलीप कुछ बड़ा करना चाहते थे। उन्होंने अपने पिता से 10,000 रुपए उधार लेकर दवाएं बनाने का काम शुरू किया। उनके पास बिजनेस चलाने की कोई फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं थी, बस भवानीपुर कॉलेज से कॉमर्स में ग्रेजुएट किया था।

### कई बड़ी कंपनियों का किया अधिग्रहण

दिलीप सिंघवी ने सन फार्मा को ग्लोबल बनाने के लिए कई बड़ी कंपनियों का अधिग्रहण किया। इसमें डेट्रॉइट की कराको फार्मा, और इजराइल की टारो फार्मा का नाम शामिल है। साल 2014 में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंदी कंपनी रैनबैक्सी लेबोरेटरीज का भी अधिग्रहण कर लिया था। साल 2016 में उन्हें 'पद्मश्री' जैसे नागरिक सम्मान से नवाजा गया।

## डीपीआईआईटी के सचिव सिंह ने दी जानकारी

# सरकार एसी, समेत दक्ष उपकरणों के लिए विश्व बैंक के साथ करेगी काम

- निवेश राशि वाली समग्र परियोजना कर रही तैयार
- कूलिंग उपकरणों की मांग व पूर्ति पर दिया जाएगा ध्यान
- बेहतर प्रौद्योगिकी के एसी पेश करने पर होगा सरकार का ध्यान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार घरेलू बाजार में अत्यधिक दक्ष एयर कंडीशनर (एसी) समेत ठंडा रखने वाले किफायती उत्पादों के विनिर्माण एवं उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए विश्व बैंक के साथ मिलकर उल्लेखनीय निवेश राशि वाली एक 'समग्र' परियोजना लेकर आने की तैयार कर रही है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित परियोजना के जरिये किफायती कूलिंग उपकरण क्षेत्र की मांग एवं आपूर्ति दोनों पक्षों पर ध्यान दिया जाएगा।

### एसी की मांग लगातार बढ़ रही

परियोजना के तहत क्षमता निर्माण और बेहतर प्रौद्योगिकी से लैस अत्यधिक सक्षम एयर कंडीशनरों को पेश करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित रहेगा। दरअसल देश में गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनरों की मांग लगातार बढ़ रही है और गर्मियों का प्रकोप बढ़ते जाने से आने वाले समय में इन उपकरणों की मांग और बढ़ने की संभावना है।



### भारत के पांच फीसदी घरों में ही एसी

सिंह ने कहा कि भारत में सिर्फ पांच प्रतिशत घरों में ही एयर कंडीशनर की पहुंच है और अगर यह 30 प्रतिशत के वैश्विक अनुपात तक पहुंचता है तो कूलिंग उपकरणों की मांग विस्फोटक ढंग से बढ़ जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य संबद्ध पक्षों को एक साथ लाना है।

### विश्व बैंक रियायती दर पर कर्ज मुहैया कराएगा




इसमें विश्व बैंक की तरफ से रियायती दर पर कर्ज मुहैया कराया जाएगा और भारत सरकार भी उतनी ही राशि का निवेश करेगी। उन्होंने उद्योग जगत से एयर कंडीशनरों के बारे में मांग एवं आपूर्ति पक्ष से जुड़े सभी जरूरी पहलुओं पर फीडबैक देने का अनुरोध किया।

### गर्मी बढ़ने से अधिक दक्षता के एसी कारगर



खास तौर पर दुनिया भर में बढ़ती भीषण गर्मी बढ़ने से अधिक दक्षता वाले एयर कंडीशनर अधिक कारगर होंगे। सिंह ने कहा कि शुरुआती दौर में इन अत्यधिक सक्षम एयर कंडीशनरों की लागत अधिक रह सकती है लिहाजा इनका बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की जरूरत है और इसके लिए कुछ हस्तक्षेप भी करना पड़ सकता है।

### घरेलू विनिर्माण को दिया जाएगा बढ़ावा


इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार इनके घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह परियोजना लेकर आने वाली है। सिंह ने यहां एक कार्यशाला में शिरकत करते हुए कहा, हम विश्व बैंक के साथ लाई जाने वाली परियोजना के बारे में बहुत जल्द एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अपलोड करेंगे।

### अधिक दक्षता के एसी फाइव स्टार से बेहतर

डीपीआईआईटी सचिव ने कहा, हम इस क्षेत्र में न सिर्फ निजी विनिर्माण बल्कि शोध एवं विकास और क्षमता निर्माण के लिए भी बारे में भी ठोस निवेश लाने से संबंधित परियोजना पर काम शुरू करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अधिक दक्षता वाले एयर कंडीशनर इस समय बाजार में उपलब्ध फाइव स्टार एयर कंडीशनरों की तुलना में 30-40 प्रतिशत तक बेहतर हैं।

# हैदराबाद इस साल यात्रियों के बीच सबसे लोकप्रिय शहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सूची में दूसरा स्थान महाराष्ट्र का रहा

इस साल यात्रियों के बीच हैदराबाद सबसे लोकप्रिय शहर और उसके बाद बेंगलुरु का स्थान रहा। प्रौद्योगिकी आधारित होटल कंपनी ओयो के 'ट्रैवेलोपीडिया 2023' में यह कहा गया है।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा दौरा किया जाने वाला राज्य था। इस सूची में दूसरा स्थान महाराष्ट्र का रहा। ओयो ने एक बयान में कहा कि वार्षिक यात्रा रुझान सूचकांक - 'ट्रैवेलोपीडिया 2023' के अनुसार साल के किसी भी सप्ताहांत की तुलना में 30 सितंबर से दो अक्टूबर के दौरान सबसे अधिक बुकिंग की गईं।

बयान के मुताबिक, 'हैदराबाद भारत में सबसे अधिक बुक किए जाने वाले शहर के रूप में उभरा है। इसके बाद बेंगलुरु, दिल्ली और कोलकाता का स्थान है। दूसरी ओर गोरखपुर, दीघा, वारंगल और गुंटूर जैसे छोटे शहरों में सालाना आधार पर सबसे अधिक बुकिंग वृद्धि हुई।' ओयो ने कहा कि 2023 में छुट्टियां बिताने के लिए लोकप्रिय स्थलों में जयपुर सबसे आगे रहा।

### उप्र इस साल सबसे अधिक बुक

बयान में कहा गया कि देवघर, पलानी और गोवर्धन जैसे कम प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थलों में भी आगंतुकों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश इस साल सबसे अधिक बुक किया जाने वाला राज्य था। उसके बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश थे।

# देशभर में 1,000 वाहन कबाड़ केंद्रों की जरूरत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- परिवहन मंत्री गडकरी ने 400 स्वचालित फिटनेस जांच केंद्र की जरूरत बताई
- अब तक देश भर में 85 वाहन कबाड़ केंद्रों को मंजूरी दी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि देश में वाहनों को कबाड़ में बदलने वाले 1,000 केंद्रों और 400 स्वचालित फिटनेस जांच केंद्रों की जरूरत है। गडकरी ने वाहनों उपयोगिता अवधि का प्रमाणपत्र जमा करने वाले मंच 'डिजीईएलवी' की शुरुआत करते हुए कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय ने अब तक देश भर में 85 वाहन कबाड़ केंद्रों को मंजूरी दी है।

उन्होंने कहा, 'हमें देश भर में वाहनों को कबाड़ में बदलने वाले 1,000 केंद्रों और कम-से-कम 400 स्वचालित वाहन फिटनेस जांच केंद्रों की जरूरत है।' डिजीईएलवी वाहनों की जीवन अवधि खत्म होने वाला प्रमाणपत्र जमा करने का एक मंच है। पुराना वाहन जमा करने का प्रमाणपत्र रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस मंच के जरिये अपने प्रमाणपत्र को बेच सकता है। जमा प्रमाणपत्र उस समय जारी किया जाता है जब कोई उपयोगकर्ता आरवीएसएफ में अपने वाहन को कबाड़ में बदलने के लिए जमा करता है।

गडकरी ने राष्ट्रीय वाहन कबाड़ नीति को सभी संबद्ध पक्षों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि भारत दक्षिण एशिया में वाहनों का कबाड़ में बदलने का केंद्र बन सकता है।

### कबाड़ नीति अप्रैल 2022 से लागू

वाहन कबाड़ नीति एक अप्रैल, 2022 से लागू हो गई है। वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में घोषित कबाड़ नीति के मुताबिक, निजी वाहनों की 20 साल के बाद फिटनेस जांच की जाती है जबकि वाणिज्यिक वाहनों को 15 साल पूरे होने के बाद इसकी जरूरत पड़ेगी।

## सेम्बकॉर्प का जापानी कंपनी के साथ करार

**नई दिल्ली।** सिंगापुर स्थित सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज ने जापान को आपूर्ति के वास्ते भारत में हरित अमोनिया का उत्पादन करने के लिए दो जापानी कंपनियों के साथ साझेदारी की है। कंपनी का मकसद एक प्रमुख हरित ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की एक इकाई सेम्बकॉर्प ग्रीन हाइड्रोजन पीटीई लिमिटेड ने जापान में निर्यात के वास्ते भारत में हरित अमोनिया उत्पादन के संभावित अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए जापानी समूह सोजित्ज़ कॉर्प और ऊर्जा प्रमुख क्यूशू इलेक्ट्रिक पावर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 'जापान के बिजली आपूर्ति मिश्रण को कार्बन मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत के रूप में हरित अमोनिया के साथ साझेदारी 2050 तक शुद्ध-शून्य हासिल करने के (जापानी) सरकार के लक्ष्य का समर्थन करेगी।'


# शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- मुनाफावसूली से सेंसेक्स 168 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 168.66 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। एशिया के ज्यादातर बाजारों के कमजोर रुख के बीच निवेशकों के मुनाफावसूली करने से यह गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 168.66 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,315.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.46 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 38 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,418.65 अंक पर बंद हुआ।



**इन शेयरों में रही घट-बढ़ :** सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और मारुति शामिल हैं

### कोयला खदानों की नीलामी का नौवां दौर 20 से दिसंबर से...



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बुधवार को वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी का नौवां दौर शुरू करेगी। इसमें बोलीदाताओं को 26 ब्लॉक की पेशकश की जाएगी। कोयला मंत्रालय के बयान के अनुसार, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय 20 दिसंबर 2023 को यहां वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के नौवें दौर का आरंभ करने को तैयार है। मंत्रालय ने कहा, 'नीलाम की जाने वाली 26 कोयला खदानों में से सात पूरी तरह से खोजी गईं जबकि 19 आंशिक रूप से खोजी गईं खदानें हैं।' ये खदानें छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में हैं। इस अवसर पर कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी मुख्य अतिथि होंगे और रेलवे, कोयला एवं खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे सम्मानित अतिथि होंगे। वाणिज्यिक कोयला खदान की पिछली नीलामियों के विपरीत कोयले की बिक्री या उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

### अक्टूबर से 15 दिसंबर के बीच चीनी का उत्पादन 11 % घटा : इस्मा

**नई दिल्ली।** चालू विपणन वर्ष की एक अक्टूबर से 15 दिसंबर की अवधि में भारत में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 11 प्रतिशत घटकर 74.05 लाख टन रह गया। इसका मुख्य कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन है। उद्योग संगठन इस्मा ने यह जानकारी दी। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक होता। चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन तक रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था।

**बिजनेस साइट**

### श्री वेंकटेश्वर रियलिटीज के 'वुड्स विले' प्रोजेक्ट में प्रीमियम फ्लैट्स उपलब्ध



**रायपुर।** कचना में प्राकृतिक सौंदर्य की सौगात देता वुड्स विले में मॉडल फ्लैट तैयार हो चुके हैं। श्री वेंकटेश्वर रियलिटीज के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को लोगों के द्वारा काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है और अपना पसंदीदा फ्लैट बुक करने के लिए लोगों के द्वारा काफी दिलचस्पी दिखाई जा रहा है। 1.5 एकड़ में वुड्स विले अपने आप में प्राकृतिक सौंदर्य को समेटा हुआ एक सिक्योर्ड गेटेड कम्युनिटी का प्रोजेक्ट है जहां पर 2 और 3 बीएचके के प्रीमियम अपार्टमेंट्स हैं जो कि 48 लाख रुपए से शुरू हैं। वुड्स विले प्रोजक्ट में शानदार क्लब हाउस, इनफेनिटव स्वीमिंग पूल, किड्स पूल, इंडोर गेम्स, जिम, पार्टी हॉल, गार्डेन्स, मंदिर, किड्स प्ले एरिया की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अलावा रुफ टॉप टैरेस्ट में किड्स पूल, एक्टिविटी जोन का खास अट्रैक्शन होगा।

श्री वेंकटेश्वर रियलटीज के संचालक रमेश राव ने बताया कि वर्तमान परिवेश में राज्य शासन के द्वारा कचना को प्रीमियम रेजिडेंशियल जोन घोषित किए जाने के बाद से इस जोन में ग्राहकों का रूझान काफी बढ़ गया है। इस प्रोजेक्ट की सबसे अहम बात यह है कि यह प्रोजेक्ट शंकर नगर और कचना के बीच स्थित है जहां से बाजार, विमानतल, अस्पताल, कॉलेज, स्कूल के लिए सहज सुगम कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

# फ्रॉड लोन ऐप पर तेज हुआ एक्शन गूगल ने प्लेस्टोर से हटाए 2,500 ऐप

- फ्रॉड लोन ऐप पर सरकार हुई काफी सख्त
- अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच की गई कार्रवाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोगों के साथ बढ़ती धोखाधड़ी के बाद सरकार पिछले कुछ समय से फ्रॉड लोन ऐप पर काफी सख्त हो चुकी है। सरकारी सख्ती का ये असर हुआ है कि गूगल ने अपने प्ले स्टोर से 2,500 ऐसे ऐप को रिमूव किया है। सरकार ने संसद में इसकी जानकारी दी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि गूगल ने अपने प्ले स्टोर से 2,500 से ज्यादा फ्रॉड लोन ऐप को हटाया है। गूगल के द्वारा ये कार्रवाई अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच की गई है। उन्होंने बताया कि गूगल ने 3,500 से 4,000 लेंडिंग ऐप की समीक्षा करने के बाद ये कार्रवाई की है। वित्त मंत्री एक सवाल का लिखित जवाब दे रही थीं। उसी जवाब में फ्रॉड लोन ऐप पर की गई कार्रवाई के बारे में संसद को अवगत कराया गया।

### सरकार कर रही है ये प्रयास

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास प्रोएक्टिव बने रहने, लगातार निगरानी रखते हुए साइबर सुरक्षा की तैयारियों को दुरुस्त बनाए रखने और भारत की वित्तीय प्रणाली में कोई कमजोरी दिखने पर उसे दूर करने के लिए समय पर उचित कदम उठाने का है।




### आरबीआई ने तैयार की ये लिस्ट

बकौल सीतारमण, रिजर्व बैंक ने सरकार को लीगल ऐप की एक व्हाइट लिस्ट बनाकर दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वह लिस्ट गूगल के साथ साझा की है। गूगल आरबीआई के द्वारा तैयार व्हाइटलिस्ट के आधार पर ही लोन बांटने वाले ऐप को अपने ऐप स्टोर पर मंजूरी देता है। इस तरह से फर्जी लोन ऐप पर लगाम लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### लगातार चल रहा लगाम लगाने का काम

वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि सरकार इस तरह के फर्जी लोन ऐप पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक व अन्य नियामकों के साथ मिलकर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर फाइनेंशियल स्टेबिलिटी एंड डेवलपमेंट काउंसिल की बैठकों में लगातार चर्चा की जाती है और इसकी निगरानी की जाती है। एफएसडीसी एक इंटर-रेगुलेटरी फोरम है, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री के पास है।

**आईपीएल के अगले सत्र के लिए नीलामी आज: 333 में से 77 खिलाड़ियों की खुलेगी किस्मत**

# दुनियाभर के क्रिकेटरों पर आज फिर होगी धनवर्षा

**नंबर गेम...**

| 1166 | 333 | 214 | 119 | 116 | 115 | 02 | 10 | 30 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खिलाड़ियों ने कराया था इस साल की नीलामी के लिए अपना पंजीकरण | नामों को इसमें से किया गया हैं शॉर्टलिस्ट | भारतीय क्रिकेटरों के नाम हैं इस नीलामी में शामिल | विदेशी खिलाड़ियों पर भी जमकर लगेगा दांव | खिलाड़ी ऐसे जो खेल चुके हैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट | अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी मिला ऑक्शन में शामिल होने का मौका | खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं इसमें शामिल | टीमों में 77 खिलाड़ियों को लिया जाएगा इस नीलामी के जरिए | स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं आरक्षित |

*हथौड़ा चलाने का वक्त आ गया है। अरे, अरे...घबराइए नहीं, हम कोई हिंसा की बात नहीं कर रहे हैं। हम तो बात कर रहे हैं आईपीएल नीलामी की, जिससे कई खिलाड़ियों का भाग्य निर्धारित होगा। कई खिलाड़ियों को नया घर, नई टीम मिलेगी, तो कोई बिना बिके निराश अपने घर बैठेगा। कई खिलाड़ियों के लिए टीमें अपनी तिजोरी खोल देंगी, तो कुछ के लिए वे बेहद कंजूस बन जाएंगे। कुछ ऐसे नाम भी होंगे, जिनको बहुत कम लोग जानते होंगे, लेकिन फ्रेंचाइज़ी उन पर दांव खेलना पंसद करेंगी। आइए जानते हैं सब कुछ, आईपीएल-2024 के नीलामी के बारे में...*

● **दुबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए मंगलवार को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होगी। बीसीसीआई के अनुसार इस साल की नीलामी के लिए कुल 1166 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया था, जिसमें से 333 नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। 116 खिलाड़ी ऐसे हैं, जोकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं, जबकि 215 खिलाड़ी अनकैप्ड हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं।

इस नीलामी के जरिए 10 टीमों में कुल 77 खिलाड़ियों को लिया जाएगा। 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। यह छोटी नीलामी है। इसके बाद अगले साल बड़ी नीलामी होगी, जिसमें आईपीएल 2025 के लिए टीमें बनेंगी। हाल ही में गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पंड्या को खरीदा कर टीम का कप्तान बनाया है। गुजरात के पास सबसे अधिक 38.15 करोड़ रुपये है, जिसमें उन्हें दो विदेशी खिलाड़यों सहित कुल आठ जगहों को टीम में शामिल करना है। लखनऊ सुपर जायंट्स के पास 13.15 करोड़ रुपये है और उसे दो विदेशी खिलाड़यों सहित कुल छह जगहों को भरना है।







### 77 खिलाड़ियों में बटेंगे 262 करोड़

इस नीलामी में अधिकतम 262.95 करोड़ रुपये खर्च किए जा सकते हैं। 333 खिलाड़ियों को 19 अलग-अलग सेट में बांटा गया है, जिसमें बल्लेबाज, ऑलराउंडर, तेज गेंदबाज, स्पिनर, विकेटकीपर के सेट और कैप्ड व अनकैप्ड खिलाड़ियों के सबसेट शामिल हैं।

### 23 खिलाड़ियों ने रखा दो करोड़ रुपये अपना बेस प्राइज

23 खिलाड़ियों ने अपने आपको अधिकतम दो करोड़ के आधार मूल्य वाले सेट में रखा है, इसमें मिचेल स्टार्क, ट्रैविस हेड, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर का नाम प्रमुख है। 13 खिलाड़ियों का अपना आधार मूल्य 1.5 करोड़ रुपये रखा है। बेन स्टोक्स, जो रूट और जोफ्रा आर्चर की इंग्लिश तिकड़ी ने इस बार स्वयं को अनुपलब्ध बताया है। वहीं केदार जाधव, लिटन दास और शाकिब अल हसन का भी नाम नीलामी सूची में शामिल नहीं है। इस सूची में स्टार्क का नाम संभवतः सबसे ऊपर हो सकता है। वह आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं और उन पर बड़ी बोलियां लग सकती है।

### गुजरात टीम के पर्स में बचे है सबसे ज्यादा पैसे

| टीम | मौजूदा खिलाड़ी | पर्स में बचे रुपये | खाली स्लॉट |
|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटन्स | 17 | 38.15 करोड़ | 08 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 19 | 34 करोड़ | 06 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 13 | 32.7 करोड़ | 12 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 19 | 31.4 करोड़ | 06 |
| पंजाब किंग्स | 17 | 29.1 करोड़ | 08 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 16 | 28.95 करोड़ | 09 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 19 | 23.25 करोड़ | 06 |
| मुंबई इंडियंस | 17 | 17.75 करोड़ | 08 |
| राजस्थान रॉयल्स | 17 | 14.5 करोड़ | 08 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 19 | 13.15 करोड़ | 06 |

### वर्ल्डकप के उभरते सुपरस्टार रचिन रविंद्र बन सकते हैं IPL इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी



इस साल के विश्वकप के उभरते सुपरस्टार रचिन रविंद्र का आधार मूल्य 50 लाख है, लेकिन उनके लिए इससे कई गुना अधिक की बोली लग सकती हैं। न्यूजीलैंड टीम के ऑल राउंडर रचिन रविंद्र का यह पहला वर्ल्डकप था और उन्होंने अपने पहले ही वर्ल्डकप में 3 शतक जड़कर सबको हैरान कर दिया था, जिस वजह से कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि उन पर 30 करोड़ तक की बोली लग सकती है। भारत से शार्दुल ठाकुर, हर्षल पटेल और शाहरुख खान का नाम इस सूची में शामिल हो सकता है। अर्शीन कुलकर्णी, कुमार कुशाग्र, मुशीर ख़ान, समीर रिजवी और कुछ अन्य युवा अनकैप्ड चेहरे इस नीलामी में हो सकते हैं।

### फिलहाल सैम करन हैं आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी

इंग्लैंड के सैम करन आईपीएल इतिहास के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें पिछले ही सीजन में पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। इस साल उनका रिकॉर्ड टूट सकता है।

### पहली बार देश से बाहर दुबई में हो रही नीलामी

आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में होगी। यह पहला मौका है, जब देश के बाहर आईपीएल ऑक्शन हो रहा है। यह एक मिनी ऑक्शन है और सभी टीमों के पास अधिकतर खिलाड़ी पहले से हैं। इस नीलामी में सभी फ्रेंचाइजी कुछ नए खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और संतुलित करना चाहेंगी।

### 2025 में होगा मेगा ऑक्शन

अगले साल आईपीएल 2025 में मेगा ऑक्शन होना है। इससे पहले यह आखिरी मिनी ऑक्शन है। ऐसे में सभी टीमें इस साल यह सुनिश्चित करना चाहेंगी कि जो पांच खिलाड़ी उन्हें अगले पांच साल के लिए टीम में चाहिए, वह इसी साल टीम में हों ताकि अगले साल नीलामी से पहले उन्हें रिटेन किया जा सके।

### मल्लिका करेंगी नीलामी

10 दिन पहले महिला खिलाड़ियों की नीलामी करने वाली मल्लिका सागर ही पुरुष खिलाड़ियों की भी नीलामी करेंगी। वह आईपीएल इतिहास की पहली महिला नीलामीकर्ता हैं। पिछले साल ह्यू एड्मीड्स ने नीलामी कराई थी। अब मल्लिका को उनकी जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### प्रसारण दोपहर 1 बजे से

आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई के कोका कोला एरिना में स्थानीय समयानुसार सुबह 11.30 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 1.00 बजे) शुरू होगी। अगर आप टीवी पर यह नीलामी देखना चाहते हैं तो स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर इसे देख सकते हैं। वहीं, मोबाइल फोन पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर देखी जा सकती है।

## ब्रीफ न्यूज

### आईएसएल: ओडिशा ने हैदराबाद को हराया

**भुवनेश्वर** । ओडिशा एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में हैदराबाद एफसी को 3-0 से हरा दिया। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में ओडिशा की ओर से फिजियन स्ट्राइकर रॉय कृष्णा ने दो गोल दागे। कार्लोस डेलगाडो ने अपने आईएसएल करियर का 21वां गोल कर ओडिशा के लिए तीसरा गोल किया। हैदराबाद की टीम गोल करने में विफल रही। ओडिशा एफसी का अगला मुकाबला 22 दिसंबर को ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। हैदराबाद एफसी 21 दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी।

### पर्थ टेस्ट: धीमे ओवर के लिए पाक पर जुर्माना

**दुबई** । आईसीसी ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का 10 प्रतिशत का जुर्माना लगाया है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में उसके दो अंक भी काट लिए है। आईसीसी के अनुसार एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने पाक को लक्ष्य से दो ओवर कम पाए जाने के बाद यह जुर्माना लगाया। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने अपराध और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया।

### दूसरा टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की अपनी टीम

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलिया ने 26 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मुकाबले के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने पहले टेस्ट मैच के बाद लांस मोरिस को टीम से बाहर किया है। **टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

### पीकेएल सीजन-10 : यू मुम्बा ने तमिल को हराया

**मुम्बई** । गुमान सिंह और अमीर मोहम्मद जफर दानिश के शानदार सुपर 10 के दम पर यू मुम्बा ने शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए पीकेएल सीजन-10 के मुकाबले में तमिल थलाइवाज को 46-33 से हराया। रविवार को खेले गए इस मुकाबले में गुमान सिंह और अमीरमोहम्मद जफरदानिश ने यू मुम्बा की जीत में विशेष योगदान दिया।

## वीसीएस और फेथ ने जीते राजा अली टी20 क्रिकेट खिताब



● **भोपाल**

वीसीएस और फेथ की टीमों ने राजा अली टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब जीत लिए हैं। बाबे आली मैदान में खेली जा रही प्रतियोगिता के वेटरन वर्ग के फाइनल में पहले खेलते हुए वीसीएस ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 197 रन बनाए। इसमें अमित पाल ने 83 रन बनाए। आईपीसीए भोपाल-11 की ओर से सरगम विश्वकर्मा ने तीन विकेट लिए।

जवाब में आईपीसीए की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन ही बना पाई और 17 रन से मैच गवा बैठी। टीम के लिए एकमात्र बल्लेबाज जमरान जावेद ने 98 रनों की अहम पारी खेली, लेकिन वे टीम को जीता नहीं सके। राजेश कन्नौजिया और आशीष पाल ने 2-2 विकेट लिए। अमित पाल प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए। वहीं क्लब स्तर के दूसरे फाइनल में फेथ ने डीसीए सीहोर को 65 रनों से हराया। फेथ ने 20 ओवर में 207 रन बनाए। इसमें अंकुश सिंह ने 66, पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 42 रनों की पारी खेली। सीहोर के लिए प्रियांशु शुक्ला ने चार, जबकि नयन राज ने तीन विकेट लिए। जवाब में डीसीए सीहोर की टीम 18 ओवर में 142 रन बनाकर सिमट गई। इसमें मयंक जैन ने 56 रन बनाए। तृपूरेश सिंह ने तीन विकेट लिए। अंकुश सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## खेल विज्ञान के संयोजन के बिना खेलों की प्रगति संभव नहीं

**नई दिल्ली** । देश भर के खेल वैज्ञानिकों, शारीरिक शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों और शोधकर्ताओं का मानना है कि वर्तमान समय में खेल विज्ञान के समायोजन के बिना खेलों की प्रगति संभव नहीं है। खेलों में बढ़ती विज्ञान की भूमिका को लेकर प्रगति मैदान में खेल मंत्रालय के सहयोग से पेफी के द्वारा आयोजित सातवीं खेल विज्ञान कांफ्रेंस के अंतिम दिन नेशनल सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च के निदेशक डॉ. बिभू कल्याण नायक ने कहा कि खेलों में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा और चौंकाने वाले परिणामों को देखते हुए यह जरूरी है कि भारतीय खेल जल्द से जल्द खेल वैज्ञानिकों के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति बनाए, जिससे कि देश आने वाले समय में खेलों की महाशक्ति बन सकें। उन्होंने कहा कि यह बिना खेल विज्ञान के यह संभव नहीं है। इस अवसर पर नाडा के डायरेक्टर जनरल आशीष भार्गव ने पेफी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ग्रास रूट से ही एंटी डोपिंग की जानकारी देना जरूरी है, यह भी खेल विज्ञान का एक महत्वपूर्ण विषय है, उनके अनुसार बहुत से खिलाड़ी डोपिंग रूल्स की जानकारी के अभाव में गलती से डोपिंग के केस में पकड़े जा कर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते है।

## मास्टर्स कप क्रिकेट: मैत्री मैच में बार एसोसिएशन ने मीडिया इलेवन को हराया

● **भोपाल,**



स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित सातवीं मास्टर्स कप (वेटरन) क्रिकेट प्रतियोगिता 18 दिसम्बर 2023 से ओल्ड कैंपियन मैदान पर शुरू हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन ध्रुव नारायण सिंह अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और मशरूम वर्ल्ड के डायरेक्टर हर्ष शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व रणजी टीम कप्तान मध्यप्रदेश बृजेश तोमर आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच मीडिया इलेवन और बार एसोसिएशन भोपाल रेड के मध्य खेला गया, जिसमे भोपाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया इलेवन ने 20 ओवर मे 4 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसमे विक्रम अहिरवार ने 76 रन, विवेक साध्य ने 32 और प्रभात ने 30 रन बनाए। भोपाल रेड की तरफ से भरत सिंह तोमर ने 2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल रेड ने 19 ओवर मे 157 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। भरत सिंह तोमर ने 52 रन, हीरू ने 51, जबकि देवेंद्र सिंह परिहार ने नाबाद 47 रनों की पारी खेली। मीडिया इलेवन की तरफ से विवेक साध्य ने 2 विकेट विकेट लिए। भरत सिंह तोमर को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## श्रमोदय आवासीय विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ

● **भोपाल,**



श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में वार्षिक खेल महोत्सव-2023 का शुभारंभ किया गया, जो आगामी तीन दिन तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिक खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बाधा दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में भी श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल से कला एवं खेल के क्षेत्र में प्रतिभागियों का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। विजय सिंह महोबिया प्राचार्य एवं कल्पना कटकवार प्रभारी उप प्राचार्य ने मशाल प्रज्वलित कर खेल का शुभारंभ किया गया।

## आईएलटी-20 ने नवीन उल हक को 20 महीने के लिए किया प्रतिबंधित

**दुबई** । अफगानिस्तान के खिलाड़ी नवीन-उल-हक पर शारजाह वॉरियर्स के साथ अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन के लिए यूएई की अंतरराष्ट्रीय लीग टी-20 (आईएलटी-20) ने 20 महीने का प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध के कारण नवीन वर्ष 2024 और 2025 में आईएलटी-20 में नहीं खेल सकेंगे। हालांकि नवीन इस प्रतिबंध से अधिक प्रभावित नहीं होंगे, क्योंकि वे जनवरी-फरवरी में ही होने वाली दक्षिण अफ्रीका लीग का हिस्सा होंगे। उन्होंने डरबन के सुपर जाइंट्स के साथ अनुबंध किया है। आईएलटी-20 के एक बयान में कहा गया है कि वॉरियर्स जिन्होंने 2023 में लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए नवीन के साथ समझौता किया था। उन्हें इस साल की शुरुआत में नियमों और शर्तों पर रिटेंशन नोटिस भेजा था।

**वॉटर स्पोर्ट्स** — **राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट के तीसरे दिन मप्र के खाते में आया एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज**

# मप्र के विशाल और मंजीत की जोड़ी ने जीता गोल्ड

● **भोपाल,**

34वीं सीनियर महिला पुरुष राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट के तीसरे दिन 5000 मीटर महिला-पुरुष और 500 मीटर मिक्स के इवेंट हुए। 5000 मीटर कयाक के-2 मेंस में मध्यप्रदेश के विशाल दांगी और मंजीत की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता अर्जित की है, जबकि 5000 मीटर महिला कैनो सी-2 इवेंट में मासूमा यादव और परमिंदर की जोड़ी ने रजत पदक जीता।

इसके अलावा कयाक महिला 5000 मीटर इवेंट में आस्था दांगी ने सिल्वर मेडल जीता। मप्र को प्रतियोगिता के तीसरे दिन कुल एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रांन्ज मेडल मिला।

**समापन आज:** मंगलवार को 200 मीटर की महिला, पुरुष एवं मास्टर्स रेस के फाइनल इवेंट होंगे। इसके बाद प्रतियोगिता का समापन समारोह होगा।




राजधानी के छोटा तालाब स्थित जलक्रीड़ा केंद्र पर 34वीं सीनियर राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप के एक इवेंट के दौरान अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते सेलर्स। इनसेट: अतिथियों के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

**Entertainment News**




# उर्वशी रौतेला ने अपनी बॉडी कराई डिटॉक्सीफाई

**उर्वशी** रौतेला बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस हैं। उर्वशी हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं। हालांकि एक्ट्रेस अपनी फिल्मों से ज्यादा किसी ना किसी विवाद को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। फिलहाल एक्ट्रेस बॉडी डिटॉक्सीफाई ट्रीटमेंट को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। उर्वशी ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ट्रीटमेंट लेते हुए अपनी तस्वीरें शेयर कर ये जानकारी दी है। उर्वशी ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, प्रेसोथेरेपी टाइम, बॉडी को डिटॉक्स करना, बॉडी के लसीका lymphatic system को स्टिम्यूलेट्स करना, टॉक्सिक रिमूवल, स्ट्रॉन्गर मोर।



# एक ही हफ्ते में तीसरी बार सस्पेंड हुआ उर्फी जावेद का इंस्टा अकाउंट



**उर्फी** जावेद हमेशा अपने अजीबो-गरीब फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हालांकि इसके लिए उर्फी को हमेशा ट्रोल भी होने पड़ता है लेकिन एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। फिलहाल उर्फी बेहद परेशान हैं। दरअसल हाल ही में एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया था। वहीं इस मामले को लेकर उर्फी ने कड़े शब्दों में नोट लिखा है कि वह इस बात से काफी परेशान हो चुकी हैं।

**ऐसे हुआ था अकाउंट सस्पेंड**

दरअसल कम्यूनिटी गाइडलाइंस का पालन ना करने की वजह से उर्फी का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड किया गया था। वहीं इस बात से परेशान होकर सोशल मीडिया सेंसेशन ने अब स्क्रीनशॉट का एक बंडल शेयर करते हुए लिखा, मेरा 2023 कैसा लग रहा था, मेरा अकाउंट बड़ी गड़बड़ियों का सामना कर रहा है, एक हफ्ते में तीन बार मेरा अकाउंट सस्पेंड हुआ, मेरे अकाउंट का स्टेट्स एरर दिखाता है और दूसरे प्रोफेशनल डैशबोर्ड भी एरर दिखाते हैं, हर दिन मुझे एक नोटिफिकेशन मिलती है कि मेरी पोस्ट गाइडलाइंस का उल्लंघन कर रही है और फिर इसे दोबारा पोस्ट किया जाएगा।

# केवल पैसों के लिए करता हूं बेवकूफी भरी फिल्में : प्रकाश राज



**अभिनेता** प्रकाश राज अपनी फिल्मों के साथ-साथ बयानों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अब उन्होंने अपनी फिल्मों और किरदारों का चयन करने के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेता से अक्सर व्यावसायिक फिल्मों में उनकी खोखली नकारात्मक भूमिकाओं के बारे में सवाल किया जाता है, क्योंकि वे उनके व्यक्तित्व से मेल नहीं खाते हैं। अब हाल ही में दिए साक्षात्कार में प्रकाश ने स्वीकार किया कि वह इस तरह की बेवकूफी भरी फिल्में केवल पैसों के लिए करते हैं।

**पैसे के लिए करते हैं फिल्में**

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने कहा, मैं कुछ बेवकूफी भरी फिल्में केवल पैसे के लिए भी करता हूं। लोग मुझसे पूछते हैं कि आप इतने जोर से क्यों चिल्लाते हो? मैं कहता हूं कि अगर मैं ओवरएक्टिंग कर सकता हूं तो मैं एक्टिंग भी कर सकता हूं। मुझे व्यावसायिक फिल्मों से नफरत नहीं है, क्योंकि उनके लिए भी दर्शक हैं, निर्माता हैं और उनमें भी उतनी ही मेहनत लगती है। फिर, वहां उन्हें खलनायक के रूप में मेरी जरूरत है।

**Bollywood Update**



# एक्ट्रेस नहीं जर्नलिस्ट बनना चाहती थी ऋचा चड्ढा

**प्रोफेशनल** और पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट्स में बनी रहने वाली एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। वो अपनी दमदार परफॉरमेंस से इंडस्ट्री में एक पहचान बनाई हुई हैं। वैसे तो एक्ट्रेस ने फिल्म इंडस्ट्री में साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'ओये लक्की लक्की ओये' से करियर की शुरुआत की थी लेकिन उन्हें अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से पॉपुलैरिटी हासिल हुई। एक्ट्रेस अपना 37वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही है तो एक्ट्रेस के बर्थडे पर उनकी लाइफ से जुड़ी कुछ बातों के बारे में जानेंगे जो उनके फैंस को चौंकाने के साथ उन्हें सरप्राइज भी कर देगी।





**जर्नलिस्ट की जगह बन गई एक्ट्रेस**

आपको बताद दे कि 18 दिसंबर 1986 को अमृतसर के पंजाब में जन्मी एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा की काबिलियत से हर कोई वाकिफ है। एक्ट्रेस का जन्म भले ही पंजाब में हुआ था लेकिन खालिस्तान मूवमेंट की वजह से उनकी फैमिली दिल्ली शिफ्ट हो गई और उनका पालन-पोषण दिल्ली से ही हुआ है। स्कूलिंग पढ़ाई के बाद ऋचा के पेरेंट्स उन्हें भविष्य में पत्रकार बनाने चाहते थे। जिसके लिए एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया में पीजी डिप्लोमा भी किया। लेकिन ऋचा की किस्मत को कुछ और ही मंजूर थी और वो मुंबई पहुंच गई। मुंबई जानें के बाद ऋचा चड्ढा ने अपनी करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। साथ थी वो धीरे-धीरे थिएटर्स से भी जुड़ने लगी। उसके कुछ टाइम बाद एक्ट्रेस की फिल्मी करियर की शुरुआत हुई।


**फिल्म 'फुकरे' से मिली लाइफ की टर्निंग पॉइंट**

वैसे तो ऋचा चड्ढा ने 'मैं और चार्ल्स', 'चॉक एन डस्टर', 'सरबजीत', 'जिया और जिया', 'फुकरे रिटर्न्स', जैसी कई फिल्मों में एक्टिंग पेश कर चुकी हैं लेकिन फिल्म 'फुकरे' उनके लिए बेहद लकी सबित हुई। इस फिल्म ने एक्ट्रेस को सिर्फ नेम-फेम ही नहीं बल्कि नई लाइफ की शुरू करने की एक टर्निंग पॉइंट मिली। जी हां! इस फिल्म ने ऋचा चड्ढा को कामयाबी के साथ लाइफ पार्टनर भी दिया। दरअसल इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात अली फजल से हुई और दोनों को प्यार हो गया। जिसके बाद दोनों ने शादी रचा ली आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा और अली फजल की जोड़ी यूजर्स को पसंद आती है।

# काजोल की मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा अस्पताल में हुई भर्ती

**फिल्म** इंडस्ट्री से थोड़ी परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। काजोल-तनीषा मुखर्जी की मां और दिग्गज बॉलीवुड अभिनेत्री तनुजा की तबीयत बिगड़ने की जानकारी सामने आई है। अभिनेत्री तनुजा बचपन से ही भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं। अभिनेत्री की दो प्यारी बेटियां काजोल और तनीषा मुखर्जी भी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री तनुजा को उम्र संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। तनुजा इस वक्त अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। दिग्गज अभिनेत्री तनुजा अभी डॉक्टर की निगरानी में हैं। उनके स्वास्थ्य को लगातार मनिटर किया जा रहा है। अभिनेत्री की तबीयत अब पहले से बेहतर है। चिंता की कोई बता नहीं है। 80 वर्षीय तनुजा मुखर्जी को उम्र संबंधी दिक्कतों के कारण उन्हें जुहू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि काजोल की मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। अपने दौर की जानी-मानी अभिनेत्री तनुजा आज भी अपने किरदार के लिए पहचानी जाती हैं। दिग्गज अभिनेत्री तनुजा ने हिंदी फिल्मों में ही नहीं बल्कि बंगाली फिल्मों में भी काम किया हैं। अभिनेत्री तनुजा स्टार शोभना समर्थ और मेकर कुमारसेन समर्थ की बेटी हैं। शोमू मुखर्जी से तनुजा की मुलाकात फिल्म एक बार मुस्कुरा दो के सेट पर हुई थी और दोनों ने साल 1973 में शादी कर ली।





# विद्युत जामवाल के साथ लीड रोल में नजर आयेंगी नोरा

**बी-टाउन** की दिलबर गर्ल नोरा फतेही के लटके-झटकों और फैशन स्टेटमेंट का आखिर कौन कायल नहीं है। अभिनेत्री ने बाहुबली से लेकर भारत और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने आइटम सॉन्ग से वाहवाही बटोर चुकीं नोरा फतेही जल्द ही पर्दे पर पहली बार लीड रोल निभाती दिखाई देंगी। नोरा फतेही ने यूं तो कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन बॉलीवुड में उन्हें बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब अभिनेत्री को पहली बतौर लीड फिल्म मिल गई है। नोरा विद्युत जामवाल के साथ फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।



**पूरी हुई नोरा फतेही की फिल्म**

नोरा फतेही की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर अभिनेत्री बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं।

# अल्लू अर्जुन ने ठुकरा दिया हानिकारक पदार्थों का विज्ञापन

**हानिकारक** उत्पादों का समर्थन करने के खिलाफ अल्लू अर्जुन के सख्त रुख को उनके द्वारा एक ब्रांड के समर्थन के लिए 10 करोड़ के प्रस्ताव को ठुकराने की खबरों से उजागर किया गया है। यह वित्तीय लाभ पर जिम्मेदारी को प्राथमिकता देने के प्रति अभिनेता के समर्पण को दर्शाता है। जानकारी के लिए बता दूं कि द रूल के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की नाटकीय रिलीज से पहले ही, अर्जुन ने एक साहसी निर्णय के लिए ध्यान आकर्षित किया। अला वैकुंठपूर्मुलु अभिनेता ने कथित तौर पर एक शराब और पान मसाला ब्रांड के बड़े प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। ब्रांड ने फिल्म में अपने लोगो को प्रमुख स्थान देने की मांग की, जब भी पुष्पा, उसका चरित्र, धूम्रपान या चबाने में संलग्न होता है।

अल्लू अर्जुन की पसंद उनके सिद्धांतों के प्रति समर्पण और उनके प्रशंसक आधार के प्रति गहरा सम्मान को प्रतिबिंबित करती है। अपने प्रभाव के प्रभाव को पहचानते हुए, वह सामाजिक कल्याण को तत्काल वित्तीय लाभ से ऊपर रखते हुए, जिम्मेदार उपयोग का विकल्प चुनता है। 2021 की ब्लॉकबस्टर, पुष्पा 2 की उत्सुकता से प्रतीक्षित अगली कड़ी में उल्लेखनीय कलाकारों की टोली है। अर्जुन के साथ, फिल्म में फहद फासिल, रश्मिका मंदाना, सुनील, प्रकाश राज और जगपति बाबू भी हैं, जबकि सुकुमार निर्देशक के रूप में लौट रहे हैं। इस परियोजना को नवीन यरनेनी और यालामंचिली रविशंकर के नेतृत्व वाले माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा समर्थित किया गया है, जबकि देवी श्री प्रसाद अपनी संगीत प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए वापसी कर रहे हैं।



# फिल्म 'हनुमान' का ट्रेलर रिलीज, इंडियन सुपरहीरो के अवतार में धमाल मचाने को तैयार तेजा सज्जा

तेज सज्जा स्टारर फिल्म हनुमान के ट्रेलर का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया। इस फिल्म में भगवान हनुमान की शक्तियों के साथ एक नए भारतीय सुपरहीरो को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। फिल्म मकर संक्रांति के मौके पर अगले साल 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को प्रशांत वर्मा ने डायरेक्ट किया है, जो एक नई सिनेमा यूनिवर्स बनाने की तैयारी में हैं। बता दें कि यह फिल्म एक भारतीय सुपरहीरो के किरदार पर आधारित है, जिसमें एक्टर तेजा सज्जा मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा विनय राय, अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथ कुमार, राज दीपक शेट्टी और वेनेला किशोर जैसे कई कलाकार इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

# इनायतपुर ग्राम प्रधान ग्रामीणों के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट परिसर डीएम से लगाई न्याय की गुहार



प्रखर संतकबीरनगर। विकास खंड सेमरियावां के इनायत पुर ग्राम प्रधान अपने गांव के दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को लेकर जिला अधिकारी से मिलने जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे । ग्राम प्रधान का कहना हैं की हमारे गांव इनायत पुर में सरकार के द्वारा संचालित पेयजल सुविधा हेतु पानी की टंकी और खेल के मैदान हेतु बंजर भूमि गाटा संख्या 104 व 105 पर प्रस्तावित किया गया था। जो पूरी तरह से खाली था। जिस पर शासन के द्वारा निर्देशित कार्य करने हेतु ठेकेदार अपने पूरे मशीनरी के साथ गांव में आए। ग्राम प्रधान ने आगे बताते हुए कहे की इनायत पुर गांव के बगल में स्थित उमीले गांव के कुछ मनबढ़ किस्म के लोग लाठी डंडे से लैस होकर आए और ठेकेदार को धमका कर डरा कर भगा दिए। ठेकेदार को भगाने का कार्य इन लोगो के द्वारा तीन बार किया जा चुका है। जिससे हम लोग ग्रामीण सरकार के इन दोनों विकास योजनाओं से वंचित हो जा रहे हैं। ग्राम प्रधान ने आगे बताया की इन लोगो के द्वारा मेरे गांव में घूम घूम कर ग्राम वासियों को डराया व धमकाया जा रहा हैं जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल हैं । इनायत पुर के ग्रामीण भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। ग्राम प्रधान इनायत पुर ने जिला अधिकारी कर्यालय पर न्याय की गुहार लगाते हुए जिला अधिकारी से मांग की हैं की शासकीय एवं ग्राम वासियों के हित में होने वाले विकास कार्यों में अवरोध पैदा करने वाले लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की कृपा करें तथा साथ ही साथ पानी की टंकी तथा खेल के मैदान दोनों कार्यों को पर गति देने हेतु पुलिस बल का सहयोग प्रदान करने की कृपा करें। वही इस पूरे प्रकरण पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा शिकायत पत्र मिला है इस पूरे प्रकरण की जांच कर के दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कम्यूनिस्ट पार्टी सीपीआईएम ने जिलाधिकारी को दिया मुसहर जाति की 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड विजय बहादुर सिंह ने जिला के जिला के सबसे निचली बादान पर जीवन जीने वाले बनवासी मुसहर जाति के पांच सूत्री ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया गया जिसमें ग्राम सराय गोकुल के लगभग दो दर्जन बनवासी मुसहर पशुचर में निवास करते है, जिन्हें बेदखल करने की नोटिस जखनियां तहसील से दी गई है। उनके पास लंबे समय से गांव में रहने के लीए जमीन नही है और निर्वाचन कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड तो है लेकिन रहने और खेती करने के लिए कोई जमीन का टुकड़ा नहीं जबकि सैकड़ो बीघा एकड़ जमीन का पट्टा 1994 में धन प्रभाव में दिया वैध अवैध कब्जा कर खेती बाड़ी आवास मकान पेड़ आदि से काबिज कर लिए हैं इसी प्रकार ग्राम अतिगामा के बनवासी मुसहर पोखरी भिटा पर लंबे समय से निवास करते हैं बार-बार आवासी पटा की मांग करते रहे लेकिन नहीं कोई दिया गया बल्कि प्रधान मंत्री आवास भी इसी पोखरी भिटा पर निर्माण कराया दिया गया। वही दो दर्जनों अंतोदय राशन कार्ड काट कर दूसरे लोगों से धनबल पर अंत्योदय कार्ड दे दिया गया जो पात्र नहीं है।इन बातों से डीएम जिला अधिकारी महोदय का ध्यान खींचते हुए सीपीएम नेता जिला के सभी वनवासी को पांच बिस्सा आवासी पट्टा, खेती योग्य दो एकड़ सभी को आवास शौचालय, जॉब कार्ड, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, अंतोदय राशन कार्ड तथा श्रम विभाग में पंजीकरण 60 वर्ष वृद्धाओं को महिला पुरुष को पेंशन सहित सहित निशुल्क बिजली शिक्षा रास्ता पानी शाहित अन्य कल्याणकारी योजना से सीपीएम नेता ने कहा कि यह सब आपके स्तर का मामला है इसे तत्काल हल करें नहीं तो बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर मिजार्पुर। हमारा "संकल्प विकसित भारत" विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम-दादरा मंडल-राजगढ़ मे कार्यक्रम किया गया। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह जी ने माननीय मोदी जी और माननीय योगी जी की समस्त योजनाओं के बारे मे विस्तृत रूप से चर्चा की। मोदी सरकार की गारंटी वाला रथ के माध्यम से सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं का प्रचार- प्रसार किया गया। विकासखंड राजगढ़ कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा कैंप लगाकर किसान सम्मान निधि,वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,उज्ज्वला योजना,गरीबों का राशन सहित योजना तमाम योजनाओं का लाभार्थियों का फॉर्म भरवाकर लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया के मरीजों को जरूरी सामान प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ़ के कौशल सिंह महिला मोर्चा की हेमलता पांडे जी एवं अपना दल एस राजेंद्र सिंह पटेल जी प्रतिनिधि सांसद सहायक विकास अधिकारी कृषि श्री संतोष कुशवाहा जी एवं बीओ एवं ग्राम प्रधान एवं सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।




## कूड़े कचरे के दुर्गंध एवं धुएं से स्थानीय लोग परेशान

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। प्रतिदिन लोगों के घरों से निकलने वाले कूड़े कचरे को नगर पंचायत बृजमनगंज के सफाई कर्मियों द्वारा ट्राली में लाद कर लेदवा चौराहे पर नगर पंचायत द्वारा बनाए गए कुड़े जोन में गिराया जाता हैं।कुड़ा घर न बना होने के कारण कुड़े को खुले आसमान के नीचे गिरा दिया जाता हैं।जब कुड़ा कचरा ज्यादा इकट्ठा हो जाता हैं तो इसे सफाई कर्मचारियों द्वारा जला दिया जाता हैं। इससे निकलने वाली दुर्गंध एवं धुएं से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि डंपिंग जोन से निकलने वाला धुआं बिमारियों को दे सकता है दावत। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कचरा में आग लगाने से कचरे से हानिकारक गैस मिथेन, सल्फर, कार्बन डाय आक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड निकलते हैं, जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और ओजोन परत को क्षति पहुंचाता है। ये गैस मानव शरीर के लिए खतरनाक व जानलेवा है। इससे कैंसर, जेनेटिक डिजीज, चर्म रोग, सांस की बीमारी, एनिमिया, दांत, दमा, टीबी जैसी बीमारी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरे के जलने से आसपास क्षेत्र में धुआं छाया रहता है। साथ ही यहां पर 24 घंटे बदबू आती रहती है। संतोष जायसवाल, प्रमोद जायसवाल तथा स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित ईओ को भी जानकारी हैं।



## आजादी के कई वर्ष बीतने के बाद भी नहीं हुए जल निकासी की उचित व्यवस्था तो ग्रामीणों का फुटा गुस्सा जिला अधिकारी से लगाई गुहार

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा गांव के विकास तथा ग्रामीणों के उत्थान के लिए नित नए जन कल्याणकारी तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतरने की पुर जोर कोशिश की जा रही है। वही संत कबीर नगर जिले में ऐसे भी गांव है जहां आजादी के दसवीं दशक वर्षों के बीच जाने के बाद भी विकास की किरण तक नहीं पहुंच पाई है ऐसा ही एक मामला संत कबीर नगर जिले के खलीलाबाद विकासखंड अंतर्गत महास्थान गांव का हैं जहा की तजुर्मा महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर जल निकासी की उचित व्यवस्था की मांग करते हुए जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायती पत्र दिया। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि हरिजन बस्ती से नाली का निर्माण करने व नाली का पानी गांव के सार्वजनिक पोखरे में गिरने के संबंध में हम लोगों ने आज जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है जिलाधिकारी कार्यालय पर महिलाओं ने आगे बताया कि हरिजन टोला सड़क से दक्षिण में स्थित है तथा हरिजन टोला के उत्तर तरफ ब्राह्मण टोला के पास ही सार्वजनिक पोखरा है हरिजन टोला में बरसात का पानी और घर का गंदा पानी निकालने और बहने के लिए कभी भी किसी ग्राम प्रधान के द्वारा नाली नही बनवाया गया । जिसके कारण गंदा पानी घरी के सामने जमा होने से गांव में भयंकर महामारी फैलने की आशंका हैं तथा वहा से आने जाने वालो के लिए काफी परेशानी हो रही है। ऐसी स्थिति में हरिजन टोला के समस्त वासियों के लिए पानी निकालने के लिए नाली का निर्माण कराया जाना जरूरी है। नाली हरिजन टोला से निकलकर सड़क के रास्ते गांव के सार्वजनिक तालाब में गिराया जाना जरूरी है। वही न्याय संगत है। जो भी तालाब महास्थान गांव में तालाब या गाढ़ही मौजूद है वह सार्वजनिक है जिससे किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए अतः हम ग्रामीणों ने हरिजन टोला से नाली और निर्माण और ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान द्वारा कराए जाने की मांग की है। इस दौरान विश्वनाथ त्रिपाठी, सुधा, प्रेमलता, सोनी, शशिकला, कमलावती, सुनीता, मनीषा, किरन देवी, मीना देवी, गीता आदि महिलाए मौजूद रही।



## प्रादेशिक विकास दल व युवा कल्याण द्वारा 2 दिवसीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, गाजीपुर द्वारा खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता विकास खण्ड देवकली का आयोजन दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर को ग्रामीण स्टेडियम बड़हरा में सम्पन्न हुआ। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उपेन्द्र यादव, प्रबंधक सोनू पहलवान द्वारा फीता काट कर किया गया। विकास खंड देवकली के खंड विकास अधिकारी, डिप्टी कमिश्नर गोपाल कृष्ण चौधरी ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। खेल का संचालन आंचल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, देवकली द्वारा किया गया। जिसमें एथलेटिक्स, कुश्ती, वालीबाल एवं कबड्डी के विजयी खिलाडियो को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया। प्रतियोगित तीन वर्गो में आयोजित हुई - सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग। बालक सबजूनियर वर्ग में 800 मी. दौड़ में प्रिंस राज- प्रथम, 100 मी० मे साजिद अहमद - प्रथम, जूनियर वर्ग 200 मी. में अंकुर गुप्ता प्रथम एवं 1500 मी. में छोटू यादव प्रथम रहे और 100 मी में सैफ अली प्रथम रहे। सीनियर वर्ग 100 मी० में सिद्धार्थ राजपूत प्रथम, 400 मी० में अभिषेक कनौजिया प्रथम एवं 1500 मी० दौड़ में प्रकाश कुमार प्रथम रहे। बालिका वर्ग में सब जूनियर - 100 मी० दौड़ में निधि कुमारी प्रथम, जूनियर वर्ग में, 400 मी० दौड़ में राधिका कुमारी प्रथम रही। कबड्डी सीनियर वर्ग में ग्रामसभा-बड़हरा की टीम बालक वर्ग में प्रथम रही। कुर्बान सराय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सब जूनियर वर्ग में रसूलपुर पचरसी की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वालीबाल जूनियर वर्ग में ज एवाल की टीम प्रथम रही। सीनियर वर्ग में मदा रपुर की टीम प्रथम रही जबकि सेखपुर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश यादव, दिवाकर यादव, विजय बहादुर, कादिर अहमद आदि का विशेष सहयोग रहा। खण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे कार्यक्रम का समापन प्रबंधक सोनू पहलवान द्वारा किया गया। आंचल सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## रामेश्वर से विश्वेश्वर की नगरी में पहुंचा तमिल यमुना दल

**वणक्कम काशी संग गूंजा हर हर महादेव का जयघोष, दूसरे दल में शामिल हैं अध्यापक, एकेडमिक कार्यक्रम बीएचयू के अध्यापकों से होंगे रुबरू**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । काशी तमिल संगमम-2 में शामिल होने के लिए तमिल श्रद्धालुओं का दूसरा दल "यमुना" मंगलवार को काशी पहुंचा, काशी-तमिल संगमम-2 के लिए विशेष ट्रेन से तमिल अध्यापकों का जत्था बनारस स्टेशन पहुंचा` बनारस की धरती पर उतरते ही दक्षिण भारतीय मेहमानों ने ह्यवणक्कम काशीह्न कहके अभिवादन किया गया तो काशीवासियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रविन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में हर हर महादेव के उद्घोष से अभिनंदन किया` ढोल-नगाड़े की थाप के बीच स्वस्तिवाचन और फूलों की वर्षा से शहर बनारस ने अपने अतिथि देवो भव के भाव से भी परिचित करा दिया`

**दूसरे दल में शामिल हैं अध्यपक, एकेडमिक कार्यक्रम बीएचयू के अध्यापकों से होंगे रूबरू**– काशी तमिल संगमम-2 में शामिल होने पहुंचे द्वितीय दल यमुना के दल में अध्यपक है काशी पहुंचे सभी डेलिगेट्स को धर्म, सभ्यता,इतिहास के बारे में बताया जायेगा` बीएचयू द्वारा एकेडमिक कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसम्बर को नमो घाट पर किया जायेगा इसमें यह सभी अध्यापकों का दल शामिल होगा जहां बीएचयू के कुशल अध्यपक एवं दक्षिण के भी विशेषज्ञ शामिल होंगे जिससे दोनों राज्यों के ज्ञान का भी संगम होगा।

**मेहमानों के लिए विशेष तैयारी** – काशी पहुंचे मेहमानों के लिए विशेष तैयारी की गई हैं इस यात्रा में मेहमानों को तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश दोनों की कला संस्कृति की झलक दिखाई देगी इसके आलावा अध्यापकों का दल काशी विश्वनाथ धाम,काल भैरव मंदिर, सारनाथ, हनुमान घाट, गंगा आरती सहित अन्य स्थानों का भ्रमण करते हुए प्रयागराज और फिर अयोध्या का भी भ्रमण करेंगे`

**14 दिनों तक दक्षिण भारतीय मेहमानों का आवभगत करेगा काशी** – काशी में इन मेहमानों को दक्षिण भारत का खान-पान, रहन-सहन और वेशभूषा के साथ ही वहां के लोग और काशी के लोगों का एक दूसरे के प्रति प्यार और दुलार भी दिखाई देगा साथ ही ग्रुप में 1500 से ज्यादा डेलिगेट्स बनारस आएंगे` हर ग्रुप में 205 डेलिगेट्स की मौजूदगी होगी तमिल पंचांग के अनुसार इस बार मार्गली (मार्गशीर्ष) महीने में काशी तमिल संगमम -2 का आयोजन किया गया हैं।




## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिली सजा नन्हे सिंह हुए दोषमुक्त



प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। जनपद महराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज मे 10 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय द्वारा आरोपी अभियुक्त नन्हे सिंह उर्फ राघवेंद्र सिंह को दोषमुक्त करते हुए दूसरे आरोपी अभियुक्त टीटू सिंह को विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने धारा 457, 354, 506, को साक्ष्य एवं सबुतो के आधार पर साधारण कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई हैं। जानकारी के अनुसार 2014 मे वादी ने थाना बृजमनगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 15 वर्षी पुत्री के साथ गांव में रहने वाले टीटू सिंह घर में घुसकर दुष्कर्म किया अपना चप्पल एवं मोबाइल छोड़कर भाग गया बाद में फोन कर माफी मांगने लगा पूर्व प्रधान नन्हे सिंह उर्फ राघवेंद्र सिंह द्वारा दबाव बनाने का प्रयास किया। जिसमें नन्हे सिंह एवं टीटू सिंह पर वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया। दस वर्षों से चल रहे मामले में न्यायालय द्वारा नन्हे सिंह उर्फ राघवेंद्र सिंह को दोषमुक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### वस्त्र दान फाउंडेशन द्वारा बस्तियों में बिस्किट वितरण किया गया



प्रखर वाराणसी। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी मे युवा सामाजसेवी संस्था वस्त्र दान फाउंडेशन द्वारा निरन्तर संस्था द्वार गोद लिये गये बस्तियों मे निरन्तर विकास के कार्य कर रही है इसी के भाती संस्था द्वारा बस्तियों में लोगों को बिस्किट वितरण किया गया, संस्था के संस्थापक सुधाशु सिंह का कहना है कि बस्तियों मे विकास के कार्य चल हो रहे है और साथ ही हामारी सस्था माननीय विधायक जी के सम्पर्क मे है, जल्द ही विधायक जी का आगमन फिर से बस्तियों मे होगा और विकास के कार्यों का जायजा लेगे, कार्यक्रम मे उपस्थित रहे सुन्द्रम सिंह, हिमाशु सिंह, अभिषेक यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### मदरसा दारूल इरफान में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया



प्रखर जौनपुर। नगर के मोहल्ला बोदकरपुर स्थित मदरसा दारुल इरफान जौनपुर में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर मदरसा के बच्चो ने नात पढ़कर लोगों का दिल जीत लिया, तत्पश्चात मदरसा दारुल इरफान बोदकरपुर जौनपुर स्टाफ के गुजारिश पर मदरसा के शिक्षक जनाब समीउल्लाह फलाही जामी ने भारत के मशहूर शायर रईस अंसारी की एक मशहूर गजल को बहुत ही खूबसूरत अंदाज में पेश किया, जिसे सभी शिक्षकों और छात्रों ने खूब सराहा। उसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मदरसा के मुर्तजा हसन मदनी ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर लोगों के अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन समीउल्लाह फलाही जामी ने किया। इस अवसर पर मौलाना अल्ताफुर्ररहमान सलफी , मास्टर मुहम्मद अकबर, मास्टर सिबगतुल्लाह, मास्टर मुहम्मद शाहिद, शाहीन आरा, परवीन अंसारी, शमशाद, अब्दुल रहीम आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने जनता दरबार में सुनी फरियाद, थानाध्यक्षों को दिया निर्देश




प्रखर जौनपुर। एसपी कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार में दर्जन से अधिक मामलों को लेकर फरियादी पहुंचे थे। जनता दरबार में दहेज उत्पीड़न, भूमि विवाद, मारपीट, झूठा मुकदमा, अपहरण सहित अन्य मामलों को लेकर लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज करायी। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने लोगों की शिकायतें सुनी और न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके अलावा जनता दरबार दहेज उत्पीड़न, प्रताड़ना, मारपीट सहित कई अन्य मामलों को लेकर फरियादी पहुंचे थे। जनता दरबार में एसपी ने बारी-बारी से शिकायत सुनकर न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिया। साथ हीं मामले को लेकर संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिये।

### 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ दुधारा पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार भेजा जेल

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व क्रय व विक्रय की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुधारा पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आज दिनांक 19.12.2023 को क्षेत्र भ्रमण व संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान उसरा शहीद पुलिया के पास से अभियुक्त आजाद अहमद पुत्र नवीउल्लाह गांव मुड़ाडिहा खुर्द थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को 02 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। मु0अ0सं0 482/2023 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कर न्यायालय रवाना किया गया।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं